हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर सहित देशभर में गणेशोत्सव की धूम



रायपुर



मुंबई

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभ । निर्विघ्नं कुरू मे देव, सर्व कार्येषु सर्वदा।।



अमृतसर



पुणे



कोलकाता

नई दिल्ली/रायपुर। गणेश चतुर्थी का त्योहार देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को राजधानी रायपुर के साथ ही देशभर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। घरों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक बप्पा का स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणपति मंडल का दौरा किया और भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी मुख्यालय, नई दिल्ली में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹113237/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹138300/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹150967/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

खुदरा 4.82 और थोक मुद्रास्फीति बढ़कर हुई 9.92 फीसदी

प्याज ने रुलाया, चीनी में कड़वाहट थोक और चिल्हर दोनों में महंगाई !

महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। प्याज की बढ़ती कीमतों ने आंखों में आंसू ला दिए हैं, तो चीनी की बढ़ती कीमतों ने मिठास कम कर दी है। थोक बाजार से लेकर खुदरा बाजार तक कीमतों में तेजी का असर साफ दिखाई दे रहा है। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.82 फीसदी, जबकि थोक मुद्रास्फीति उछलकर 9.92 फीसदी पहुंच गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महंगाई का असर अब सीधे आम आदमी की रसोई पर दिखाई देने लगा है। प्याज की कीमतों में तेजी ने जहां घरेलू बजट बिगाड़ दिया है, वहीं चीनी समेत कई जरूरी खाद्य वस्तुओं के महंगे होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। थोक और खुदरा दोनों बाजारों में कीमतों का दबाव दिखाई दे रहा है। खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.82 फीसदी हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में तेज उछाल आया और यह 9.92 फीसदी तक पहुंच गई। थोक कीमतों में इस तेजी का असर आने वाले समय में खुदरा बाजार पर भी पड़ने की आशंका है।



इसलिए बढ़ रही महंगाई

लहसुन, अदरक और प्याज की अधिक कीमतों की वजह से खाद्य महंगाई दर में इजाफा हुआ है। इसके अतिरिक्त यातायात खर्च बढ़ा है। यही वजह है कि अगस्त में ट्रांसपोर्ट इनफ्लेशन 4.60 प्रतिशत रहा। जोकि जुलाई के 4.43 प्रतिशत की तुलना में अधिक है।

आरबीआई के अनुमान से अधिक महंगाई

यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 4 प्रतिशत टारगेट से अधिक रहा है। बता दें, भारत की खाद्य महंगाई अगस्त के महीने में 5.52 प्रतिशत थी। जो कि जुलाई के महीने में 5.52 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति के पांच प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है, जिसके दूसरी तिमाही में 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

10 फीसदी के करीब पहुंची थोक महंगाई दर

खाद्य, विनिर्मित वस्तुओं तथा ईंधन और बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अगस्त में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 9.92 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 9.78 प्रतिशत थी। खाद्य सूचकांक में मुद्रास्फीति जुलाई के 6.65 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त में 7.05 प्रतिशत हो गई। विनिर्मित वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति 8.37 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो जुलाई में 8.29 प्रतिशत थी।

खबर संक्षेप

'हनुमान अंश' ने कमाए 250 करोड़



नई दिल्ली। आध्यात्मिक गुरु बाबा नीम करौली के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म लक्ष्मीनारायण की कहानी है, जो अपनी मां की मृत्यु के बाद ईश्वर की तलाश में आध्यात्मिक यात्रा पर निकलता है। फिल्म की कुल कमाई 253.55 करोड़ रुपये हो गई है।

होटल पर 60 लाख की पेनाल्टी

मुंगेली और बिलासपुर के छह संस्थानों में जीएसटी का छापा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीएसटी की स्टेट टीम ने बिलासपुर और मुंगेली के 6 व्यापारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इसमें मुंगेली के तीन होटलों के साथ ही व्यापार विहार के तीन व्यापारी शामिल हैं। इसमें व्यापार विहार के तीन व्यापारी जिसमें गुटखा, ड्राइफ्रुटस और तेल व्यापारी शामिल हैं पर कार्रवाई अंतिम दौर में हैं, जबकि मुंगेली के बावा होटल पर 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाने के साथ ही ⏭शेष पेज 7 पर

कच्चे बिल से लेनदेन

नुक्कड़ ढाबा पर विभाग द्वारा 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। यहां शिकायत के आधार पर हुई जांच में कच्चे बिल से जुड़े मामले सामने आने की बात कही जा रही है। विभाग के अनुसार संबंधित फर्म की ओर से बिल जारी किए जाने की बात स्वीकार की गई है। यदि बिना विधिवत जीएसटी बिल के लेन-देन कर कर बचाने का प्रयास हुआ है, तो इससे सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचने का मामला बनता है। ⏭ शेष पेज 7 पर

दस्तावेजों की जांच जारी

धारा 70 (1) के तहत मुंगेली और दूसरी जगहों के कुछ फर्मों पर कार्रवाई की गई है। इसमें बावा होटल पर 60 लाख की पेनाल्टी लगाई गई है। बाकी जगहों पर दस्तावेजों की जांच जारी है।

- महेंद्र कुमार धनेलिया, ज्वाइंट कमिश्नर, जीएसटी

एनएसयूआई नेता पर शिकंजा

छात्रा को खुदकुशी के लिए किया मजबूर, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

कॉलेज की छात्रा के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। छात्रा को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने और ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने एनएसयूआई छात्र नेता ज्ञान तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस मामले में कांग्रेस ने भी ज्ञान तिवारी को छात्र विंग, पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और समस्त संगठनात्मक पदों से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के चिरमिरी गोदरीपारा निवासी 19 वर्षीया अंतरा शाह शहर के गांधीनगर पटपरिया में अपने जीजा के घर में रहकर पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की पढाई ⏭शेष पेज 7 पर

कांग्रेस ने किया बाहर

एनएसयूआई नेता ज्ञान तिवारी द्वारा छात्रा को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कार्रवाई की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ज्ञान तिवारी को छात्र विंग, पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और समस्त संगठनात्मक पदों से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही तीन दिनों के भीतर संतुष्टिकारक जवाब नहीं देने पर स्थायी रूप से निष्कासन करने की बात कही है।

पीएससी घोटाले में ओएसडी के खाते में आए 66 लाख, 170 दफा लेनदेन

घोटाला में शामिल बलरामपुर-रामानुजगंज के डिप्टी कलेक्टर से ईडी कर रही पूछताछ



चेतन बोरघरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के चर्चित सीजीपीएससी परीक्षा परीक्षा घोटाला में ईडी ने गिरफ्तार बलरामपुर-रामानुजगंज कलेक्टर चेतन बोरघरिया से पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसी ने पूछताछ के आधार पर कई अहम खुलासे किए हैं। दावों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी रहे बोरघरिया के खाते में 170 अलग-अलग लेनदेन के जरिए कुल 66.64 लाख रुपए नकद जमा हुए थे। ईडी की जांच में सामने आया है कि बोरघरिया और उत्कर्ष चंद्राकर के बीच भी कई वित्तीय लेनदेन हुए हैं। ईडी ने 11 सितंबर को चेतन बोरघरिया को गिरफ्तार किया है। छह दिन की रिमांड हासिल कर ईडी उनसे पूछताछ ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर

परीक्षा के पहले मैरिज पैलेस में एकत्र किया

ईडी के मुताबिक यह पूरा मामला केवल पैसे के लेनदेन तक सीमित नहीं था, बल्कि अभ्यर्थियों को परीक्षा में फायदा पहुंचाने के लिए कथित तौर पर एक पूरा नेटवर्क तैयार किया गया था। जांच में सामने आया कि प्रारंभिक परीक्षा से पहले कुछ अभ्यर्थियों को रायपुर के सिद्धि विनायक मैरिज पैलेस में एकत्र किया गया। यहां उन्हें कथित रूप से लीक प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया गया। इसके बाद अभ्यर्थियों को बारनवापारा अभयारण्य स्थित रिसार्ट में ठहराने और मुख्य परीक्षा की तैयारी कराने की बात सामने आई है। ईडी का दावा है कि वहां मुख्य परीक्षा से संबंधित लीक प्रश्नपत्र के आधार पर कथित तौर पर कोचिंग दी गई।

फिगरकेव कंपनी के लेनदेन जांच के घेरे में

जांच के दौरान फिगरकेव ई-कॉम (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े वित्तीय लेनदेन भी सामने आए हैं। ईडी को संदेह है कि कंपनी का इस्तेमाल कथित तौर पर रकम की लेयरिंग और उसे अलग-अलग माध्यमों से आगे बढ़ाने के लिए किया गया हो सकता है। कंपनी से जुड़े लेनदेन और उसमें शामिल लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने शुरू की हिंदी में सार्वजनिक सूचना सेवा

हिंदी में चुनिंदा फैसले, ऑडियो और वीडियो भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को अधिक समावेशी बनाने के उद्देश्य से हिंदी में नयी 'जन सूचना सेवा' शुरू करने की घोषणा की। इस सार्वजनिक सूचना सेवा के तहत महत्वपूर्ण माने गए चुनिंदा फैसलों और आदेशों के सरल हिंदी सारांश उपलब्ध कराए जाएंगे। करीब 15 से 30 मिनट की अवधि वाले हिंदी ऑडियो और वीडियो बुलेटिन भी जारी किए जाएंगे। यह पहल आम नागरिकों, वादी-प्रतिवादी के लिए अहम होगी।

अन्य भारतीय भाषाओं में जल्द

यह सेवा शुरुआत में हिंदी में उपलब्ध होगी और जल्द ही चरणबद्ध तरीके से इसे अन्य भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराने के लिए काम शुरू किया जाएगा। यह पहल देश के विभिन्न भाषाई क्षेत्रों के नागरिकों को उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों से जुड़ी संक्षिप्त और आसानी से समझ आने वाली जानकारी अपनी-अपनी भाषाओं में हासिल करने में सक्षम बनाएगी।



अब होगी बोलचाल की भाषा

सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के हिंदी संस्करण पहले से उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। कोर्ट की वेबसाइट पर हिंदी में कंटेंट भी मौजूद है। नई पहल में फर्क यह है कि फैसलों को केवल ट्रांसलेशन के रूप में देने के बजाय आसान और बोलचाल की हिंदी में ऑडियो-वीडियो के जरिए समझाया जाएगा।

क्यों लिया गया निर्णय

इसका उद्देश्य न्याय तक पहुंच को अधिक समावेशी बनाना और भारतीय भाषाओं को दिए जाने वाले सम्मान को न्यायिक सूचनाओं के सार्वजनिक प्रसार से जोड़ना है। सरल भाषा के साथ ऑडियो और वीडियो प्रारूप का इस्तेमाल उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा, जिन्हें लंबे कानूनी दस्तावेज पढ़ने या समझने में कठिनाई होती है।

भारत में गणेश चतुर्थी के साथ ही गणेशोत्सव त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हो गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कोई भी पूजा बिना गणेश भगवान के स्वीकार नहीं होती है। गणेश भगवान को विघ्नहर्ता, बुद्धि और शुभता के देवता के रूप में पूजा जाता है। ऐसा नहीं है कि गणपति बप्पा सिर्फ भारत में ही पूजे जाते हैं बल्कि दुनिया के कई देशों में भी भगवान श्रीगणेश के मंदिर मौजूद हैं जहां धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जाता है।

गणपति बप्पा केवल भारत ही नहीं विदेशों में भी हैं विराजमान

गणेश चतुर्थी के साथ ही दस दिवसीय उत्सव पूरे देश में धूम-धाम के साथ प्रारंभ

सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई



यह प्रसिद्ध मंदिर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में स्थित है। यह शहर के भव्य मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण 1801 में लक्ष्मण विठू और देउबाई पाटिल ने करवाया था। इस मंदिर के अंदर भगवान गणेश के एक रूप सिद्धिविनायक की मूर्ति को एक छोटे मंडप में स्थापित किया गया है। गर्भगृह के भीतरी छत पर सोने का पानी चढ़ा हुआ है।



रिच दगडूशेठ हलवाई मंदिर, पुणे

रिच दगडूशेठ हलवाई मंदिर महाराष्ट्र, पुणे के सबसे लोकप्रिय गणपति मंदिरों में से एक है, जो पुणे में स्थित है। यह मंदिर अपनी स्थापत्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। बता दें, मंदिर 1893 में पुणे के दगडूशेठ हलवाई के बेटे की प्लेग से मृत्यु के बाद बनवाया था। इस मंदिर में देश-विदेश से लोग भगवान गणेश के दर्शन के लिए आते हैं।

रणथंभौर गणेश मंदिर, राजस्थान



यहां त्रिनेत्री गणेश मंदिर है। देशभर से लोग शुभ कार्य के दौरान पारिवारिक गणेश निमंत्रण पत्र लिखकर त्रिनेत्री गणेश जी को आमंत्रित करते हैं। घर में शादी हो तो अक्सर पास के किसी प्रसिद्ध मंदिर में गणेश निमंत्रण दिया जाता है, लेकिन परंपरा है कि लोग शादी के कार्ड डाक या कूरियर से रणथंभौर भेजते हैं। यहां भेजे गए कार्ड या पत्र पर श्री गणेश जी रणथंभौर लिखना ही काफी है।



विभीषण से जुड़ा उच्ची पिल्लयार कोइल मंदिर, तमिलनाडु

रॉक फोर्ट तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक पहाड़ी की चोटी है, जहां पर उची पिल्लयार नाम का भगवान गणेश का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। यह मंदिर करीब 273 फीट की ऊंचाई पर है। मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 400 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, रावण के वध के बाद श्रीराम ने विभीषण को भगवान रंगनाथ की मूर्ति भेंट की थी। विभीषण उस मूर्ति को लंका ले जाना चाहते थे। रास्ते में विभीषण को कावेरी नदी में स्नान करने की इच्छा हुई और उन्होंने वहां मूर्ति रखी तो वह वहीं स्थापित हो गई।

कनिपकम विनायक मंदिर, चित्तूर



यह विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कनिपक्कम में स्थित है। कुलोथुंग चोल ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। बाद में 14वीं सदी की शुरुआत में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने इस मंदिर का विस्तार किया था। अधिकांश भक्त ब्रह्मोत्सवम उत्सव के दौरान गणेश चतुर्थी पर इस प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर में आते हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा थाईलैंड में

दुनिया की सबसे बड़ी भगवान गणेश की प्रतिमा थाईलैंड में हैं। यहां के हुई ख्वांग चौराहा में भगवान गणेश का एक मंदिर भी है जहां भक्तों की खूब भीड़ रहती है। थाईलैंड भगवान गणेश की कई और भी मंदिर हैं।

मलेशिया में पिल्लैयार मंदिर

मलेशिया का श्री सिथी विनयगर मंदिर भी काफी मशहूर है। इसे पीजे पिल्लैयार मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में मलेशियाई व विदेशी नागरिक दर्शन करने पहुंचते हैं और अपनी अर्जी भगवान के सामने लगाते हैं।

श्रीलंका का अरियालाई मंदिर

श्रीलंका में एक नहीं बल्कि गणपति बप्पा के कई मंदिर हैं लेकिन सबसे प्रसिद्ध अरियालाई सिद्धिविनायकर मंदिर और कटारगामा मंदिर है। यहां पर गणेश भगवान को पिल्लयार के नाम से पूजा जाता है।

हिंदी दिवस पर बोले गृहमंत्री- हिंदी किसी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं

युवा दुनियाभर की भाषाएं सीखें मातृभाषा को कभी न छोड़ें : शाह

हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाएं किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि भारत की सबसे बड़ी ताकत है। अपने वर्चुअल संबोधन में शाह ने कहा कि हिंदी का दूसरी भारतीय भाषाओं से कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत है और हर भाषा अपने साथ इतिहास, लोक परंपराएं और संस्कृति लेकर चलती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शाह ने युवाओं से दुनिया की ज्यादा से ज्यादा भाषाएं सीखने, लेकिन अपनी मातृभाषा न छोड़ने की अपील की। उन्होंने माता-पिता से भी बच्चों से मातृभाषा में बात करने को कहा। शाह के मुताबिक, अपनी भाषा बोलने को लेकर हीन भावना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि भाषा ही लोगों को उनकी मां, मिट्टी, इतिहास और संस्कृति से जोड़ती है। गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी का उद्देश्य दूसरी भारतीय भाषाओं से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है। इसके बजाय हिंदी देश की अलग-अलग भाषाओं के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि अलग-अलग मातृभाषाओं से जुड़े लोगों ने हिंदी को व्यापक संवाद की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



मातृभाषा बोलने में गर्व करना चाहिए

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने युवाओं से दुनिया की ज्यादा से ज्यादा भाषाएं सीखने, लेकिन अपनी मातृभाषा को न छोड़ने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों से अपनी मातृभाषा में बात करने को कहा। शाह ने कहा कि अपनी भाषा बोलने में किसी को हीन भावना नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि भाषा हमें मां, मिट्टी, इतिहास और संस्कृति से जोड़ती है।

'मेरी मातृभाषा गुजराती, लेकिन हिंदी जोड़ती है आम लोगों से'

अमित शाह ने अपनी मातृभाषा का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मातृभाषा गुजराती है। इसके बावजूद जब वह देश के किसी भी हिस्से में जाते हैं, तो आम लोगों से सीधे जुड़ने में हिंदी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारतीय भाषाओं ने राष्ट्र निर्माण, प्रशासन और विकास को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दयानंद सरस्वती और सत्यार्थ प्रकाश का दिया उदाहरण

अमित शाह ने स्वामी दयानंद सरस्वती का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी मातृभाषा गुजराती थी, लेकिन उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' हिंदी में लिखी। उनके मुताबिक, यह इस बात का उदाहरण है कि हिंदी का विकास केवल हिंदी मातृभाषा वाले लोगों के योगदान से नहीं हुआ।

गांधी और दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का किया जिक्र

गृह मंत्री ने महात्मा गांधी के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गांधी ने वर्ष 1918 में मद्रास में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था।

सुभाष चंद्र बोस और जय हिंद का उल्लेख

अमित शाह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि नेताजी की मातृभाषा बंगाली थी, लेकिन उन्होंने आजाद हिंद फौज में संवाद के लिए हिंदी को अपनाया और देश को 'जय हिंद' जैसा नारा दिया। गृह मंत्री ने कहा कि अलग-अलग भाषाई पृष्ठभूमि से आने वाले अनेक महान लोगों ने हिंदी को जनसंचार की भाषा के रूप में मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



19 से मानसून की वापसी, इन राज्यों में अब भी बरसेंगे बादल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी 19 सितंबर के आसपास शुरू हो जाएगी। यह वापसी सामान्य से थोड़ी देर से होगी। हालांकि, मानसून का मौसम अब खत्म होने को है, फिर भी कुछ जगहों पर अभी भी भारी बारिश हो रही है। इसकी वजह दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और उत्तरी गुजरात पर बना एक कम दबाव का क्षेत्र है, जिसका असर हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी मध्य प्रदेश तक दिख रहा है।

इन राज्यों में दी भारी बारिश की जानकारी

आईएमडी ने बताया कि सोमवार को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई। मछुआरों को फिलहाल खराब मौसम और ऊंची लहरों वाले समुद्री इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। बिहार, उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में भी अच्छी बारिश हो रही है। विभाग का कहना है कि मौसम अभी भी सक्रिय बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी तक फैली मानसून ट्रफ लाइन अभी और बारिश ला सकती है। इस साल बारिश की कुल कमी के बावजूद, दक्षिण भारत में भी बौछारें पड़ रही हैं।

टीएमसी के बागी गुट के 17 सांसद भाजपा में होंगे शामिल, 3 बाहर से करेंगे समर्थन

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ममता बनर्जी से अलग हुए तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों में से 17 भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। टीएमसी के बागी नेता और कूच बिहार सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने ये दावा किया है। उन्होंने कहा कि ये सांसद दुर्गा पूजा के आसपास भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बसुनिया के अनुसार, बागी सांसदों ने भाजपा में एक साथ शामिल होने का फैसला किया है, ताकि दलबदल विरोधी कानून लागू न हो।

दरबदल कानून से बचने एक साथ शामिल होंगे : बसुनिया ने कहा, हम 17 सांसद एक साथ भाजपा में जा रहे हैं। चूंकि 20 सदस्यों में से दो-तिहाई से ज्यादा दलबदल कर रहे हैं, इसलिए दलबदल विरोधी कानून लागू नहीं होगा।



बागी टीएमसी गुट

बागी सांसदों ने एनसीपीआई में किया था विलय : बता दें कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी की हार के बाद 14 जून को 20 बागी सांसदों ने ममता का साथ छोड़ दिया था। बाद में इन सांसदों ने त्रिपुरा की स्थानीय पार्टी एनसीपीआई में विलय कर एनडीए को समर्थन देने का ऐलान किया था। माना जा रहा है कि मुस्लिम मतदाताओं की नाराजगी का डर और अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के समीकरण के चलते ऐसा किया जा रहा है।

यूसुफ पठान व इन सांसदों का एनडीए को समर्थन

बसुनिया ने कहा कि अबू ताहेर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान समेत 3 सांसद एनडीए को बाहर से समर्थन देंगे। उन्होंने कहा, ये तीनों एनडीए का समर्थन करेंगे और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां या पोर्टफोलियो दिए जा सकते हैं। बसुनिया ने इस कदम के पीछे सांसदों के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में राजनीतिक और प्रशासनिक परिस्थितियां बताईं।

खबर संक्षेप

कुमार विश्वास व दो पूर्व मंत्री की सुनवाई 23 को

सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले की एक विशेष अदालत में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के चल रहे मुकदमे में आरोपी कवि कुमार विश्वास और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती व सत्येंद्र जैन सोमवार को पेश नहीं हुए, जबकि उनके खिलाफ पहले से समन जारी है। अधिवक्ताओं ने बताया कि सुलतानपुर की सांसद-विधायक अदालत के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तारीख तय की है।



15 लाख नकद सहित 10 किलो के सोने के आभूषण चोरी

मथुरा। मथुरा जिले के कोसीकलां कस्बे में सर्राफा बाजार स्थित एक दुकान से कथित तौर पर करीब 10 किलोग्राम सोने के आभूषण और 15 लाख रुपये की नकदी की चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार रविवार की रात चोर छत के रास्ते दुकान में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देने के बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी उठा ले गए। वारदात की जानकारी सोमवार सुबह मालिक द्वारा दुकान खोले जाने के बाद मिली।



राजस्थान में 10 नगर निगमों के लिए हुए चुनाव

जयपुर समेत 5 निगमों में भाजपा बनाएगी मेयर : बीकानेर में कांग्रेस को मिला बहुमत

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के शहरी निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर बढ़त बना ली। अब तक घोषित 10,210 वार्ड के परिणामों में भाजपा ने 4,171 सीट पर जबकि कांग्रेस ने 3,597 सीट पर जीत दर्ज की है। प्रमुख नगर निगमों के नतीजों में अलग-अलग तस्वीर सामने आई। राजस्थान के 10 नगर निगमों के लिए हुए चुनाव का सोमवार को रिजल्ट आ गया। जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, कोटा व अलवर में भाजपा मेयर बनाएगी। बीकानेर में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला। वहीं, पाली, अजमेर, भरतपुर और जोधपुर में निर्दलीय किंगमेकर रहेंगे। पाली और अजमेर में कांग्रेस और अलवर में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। भरतपुर में निर्दलीय आगे रहे। जयपुर में 4 और जोधपुर में एक वार्ड का रिजल्ट रोका गया है। यहां री-पोलिंग के बाद रिजल्ट घोषित किए जाएंगे।



जोधपुर में कांटे टक्कर में फंसी मेयर की कुर्सी

जोधपुर नगर निगम चुनाव के 100 वार्डों में 99 का रिजल्ट घोषित हो गया है। सोमवार को आए रिजल्ट में 44 पर कांग्रेस, 44 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। वहीं, 10 सीटों पर निर्दलीय और एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का कैंडिडेट जीता है। एक वार्ड का रिजल्ट रोका गया है। यहां के एक बूथ पर री-पोलिंग के बाद परिणाम घोषित होंगे।

जयपुर में कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत

वार्ड नंबर 113 से कांग्रेस कैंडिडेट गजनफर अली ने 10014 वोटों से रिकॉर्ड जीत दर्ज की है। हॉट सीट माने जाने वाले वार्ड 112 से भाजपा कैंडिडेट और जयपुर की पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल हार गईं हैं। वार्ड नंबर- 35 से भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता विमल कटियार भी 1461 वोटों से हारे हैं।

जोधपुर में 21 साल की लड़की पार्षद बनीं

वार्ड नंबर 42 से कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष ओंकार वर्मा 279 वोट से चुनाव हार गए हैं। वार्ड 51 से कांग्रेस की 21 साल की कैंडिडेट सरस्वती प्रजापत ने जीत दर्ज की है। वहीं, वार्ड 28 से फुटबॉल नेशनल प्लेयर और भाजपा प्रत्याशी विकास राघवानी जीत गए हैं। वार्ड 99 से कांग्रेस की पूर्व मेयर कुंती देवड़ा को भाजपा की निकिता ने हराया।

गैस बिल बढ़कर हुआ 70 हजार करोड़ रुपये

भारत-पाक समेत एशिया के पांच देशों पर एलएनजी संकट की मार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और होर्मुज स्ट्रेट से एलएनजी सप्लाई में रुकावट का असर एशियाई देशों पर पड़ रहा है। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, थाईलैंड और वियतनाम ने महंगी स्पॉट एलएनजी खरीदने पर कुल 7.4 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम पिछले साल इसी अवधि में लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट के तहत खरीदी गई गैस की लागत से दोगुने से भी ज्यादा है। इस संकट का सबसे ज्यादा असर उन अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो बिजली उत्पादन और उद्योगों के लिए आयातित गैस पर निर्भर हैं। कतर से होने वाली एलएनजी सप्लाई भी प्रभावित हुई है।



महंगी गैस के कारण एशियाई देश अब ऊर्जा रणनीति में बदलाव पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तान सोलर और हाइड्रोपावर पर निर्भरता बढ़ा सकता है। बांग्लादेश ने कतर की सप्लाई की भरपाई के लिए 2 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए हैं।

भारतीय मुद्रा में अतिरिक्त बोझ 70 हजार करोड़ रुपए

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल इन देशों ने इतनी ही मात्रा में एलएनजी के लिए करीब 3.1 अरब डॉलर खर्च किए थे। सप्लाई बाधित होने के बाद इन देशों को तत्काल जरूरत पूरी करने के लिए स्पॉट मार्केट का सहारा लेना पड़ा, जहां कीमतें काफी ऊंची हैं। भारतीय मुद्रा में यह अतिरिक्त बोझ करीब 70 हजार करोड़ रुपये बैठता है। तनाव से पहले वैश्विक एलएनजी शिपमेंट में कतर की हिस्सेदारी करीब पांचवां हिस्सा थी।

आईएएफ की हेलीकॉप्टर यूनिट 'सियाचिन पायनियर्स' ने लद्दाख के दुर्गम इलाके में किया रेस्क्यू

8,500 फीट की ऊंचाई से वायुसेना ने सुरक्षित निकालीं 4 एनसीसी कैडेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना की 114 हेलीकॉप्टर यूनिट 'सियाचिन पायनियर्स' ने लद्दाख में 18,500 फीट की अत्यधिक ऊंचाई पर साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 'अपराजिता' ट्रेकिंग अभियान की 4 बीमार एनसीसी महिला कैडेट्स को सुरक्षित एयरलिफ्ट किया। ये कैडेट्स 'अपराजिता' ऑल-इंडिया एनसीसी महिला कैडेट्स हाई-एल्टीट्यूड ट्रेकिंग अभियान का हिस्सा थीं और लद्दाख में ट्रेक के दौरान मेडिकल इमरजेंसी की शिकार हो गई थीं।



18,500 फीट की ऊंचाई पर सटीक लैंडिंग

इंडियन एयर फोर्स की ओर से यह रेस्क्यू मिशन सुबह-सुबह 18,500 फीट की अत्यधिक ऊंचाई पर चलाया गया। बिना किसी हेलीपैड, हवा के बेहद कम घनत्व और शून्य से नीचे के तापमान के बीच चीता हेलीकॉप्टरों के पायलटों ने सटीक लैंडिंग की। इसके बाद चारों कैडेट्स को तुरंत एयरलिफ्ट कर आगे के इलाज के लिए लेह पहुंचाया गया।

अपराजिता ट्रेक के दौरान हुई घटना

आपको बता दें कि यह घटना 'अपराजिता' ट्रेक के दौरान हुई, जिसे 18 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। 30 दिनों का यह अभियान हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी को लद्दाख से जोड़ने वाले 18,300 फीट ऊंचे खतरनाक 'परांग ला पास' सहित 250 किलोमीटर के दुर्गम ग्लेशियरों और बर्फ के मैदानों को कवर करता है। इस दल में 3 महिला अधिकारियों के साथ 28 कैडेट्स शामिल हैं, जिनकी औसत उम्र 19 वर्ष है।

सियाचिन पायनियर्स ने किया रेस्क्यू

लेह में तैनात 'सियाचिन पायनियर्स' (114 हेलीकॉप्टर यूनिट) अप्रैल 1984 के 'ऑपरेशन मेघदूत' के समय से ही सियाचिन सेक्टर और ऊंचे हिमालयी इलाकों में तैनात है। 20,000 फीट तक की चरम ऊंचाई पर काम करने वाली इस यूनिट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मुश्किल मौसम और विषम परिस्थितियों में वायु सेना न सिर्फ देश की सीमा की रक्षा करती है, बल्कि आपात स्थिति में सबसे पहली मददगार भी बनती है।

मराठा आरक्षण

जरांगे का ऐलान- आज अकेले ही आजाद मैदान में संभालेंगे मोर्चा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जाने-माने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे 15 सितंबर को अकेले मुंबई जाएंगे। वह आजाद मैदान में विरोध प्रदर्शन करेंगे। पुलिस ने उन्हें इस हफ्ते भूख हड़ताल की इजाजत नहीं दी थी, जिसकी वजह गणेशोत्सव के दौरान सुरक्षा की चिंता बताई गई है। जरांगे का कहना है कि सरकार मराठा समुदाय के बढ़ते प्रभाव से डरती है, इसीलिए उन्हें इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने अपने साथी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने और अपने संसाधनों को बचाकर रखने की अपील की है। जरांगे ने कहा है कि वह सरकार से बातचीत के लिए हमेशा तैयार हैं।



जरांगे चाहते हैं मराठाओं को ओबीसी के बराबर हक

जरांगे की मांग है कि सरकार मराठा समुदाय को कुनबी समुदाय की तरह **OBC** का दर्जा दे और उन्हें आरक्षण का लाभ मिले। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है, लेकिन जरांगे का कहना है कि वह तब तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे जब तक सिर्फ वादे नहीं, बल्कि सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

रायपुर
मंगलवार 15 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 56
पृष्ठ : 12+8+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.1
न्यून. 24.2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शहर से ज्यादा गांव की महिलाएं खा रहीं तंबाकू, शराब सेवन भी, पुरुष थोड़ा ही पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में महिलाओं में तंबाकू और शराब सेवन की प्रवृत्ति पिछले चार साल के दौरान बढ़ी है। दरअसल, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की दो रिपोर्ट के आंकड़ों के तुलनात्मक अध्ययन से यह बात सामने आई है। खास बात ये है कि यह संख्या उन महिलाओं की है जिनकी आयु 15 साल या उससे अधिक है। यही दोनों प्रकार के नशे के मामले में शहरी की अपेक्षा गांवों की महिलाओं में यह प्रवृत्ति अधिक तेजी से बढ़ी नजर आ रही है, लेकिन यह भी उल्लेखनीय है कि तंबाकू और शराब पीने के मामले में पुरुष किसी हाल में महिलाओं से पीछे नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के बीच तंबाकू और शराब सेवन का अनुपात बढ़ा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के दो लगातार दौर के आंकड़ों की तुलना में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं में तंबाकू इस्तेमाल करने वाली महिलाओं का अनुपात 2019-21 के 17.3% से बढ़कर 2023-24 में 18.7% हो गया। शराब सेवन करने वाली महिलाओं का अनुपात भी 4.9% से बढ़कर 5.7% हो गया। सबसे बड़ा अंतर ग्रामीण और शहरी महिलाओं के बीच है। गांवों में 20.9% महिलाएं तंबाकू का इस्तेमाल करती हैं, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 10.4% है। शराब सेवन में भी ग्रामीण महिलाएं 6.8% के साथ शहरी महिलाओं के 1.6% से काफी आगे हैं।



महिलाओं में बढ़ोतरी का संकेत

चार साल के अंतराल में महिलाओं के तंबाकू सेवन में 1.4 प्रतिशत अंक और शराब सेवन में 0.8 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी हुई है। इसे सीधे तौर पर महिलाओं में 'नशे की लत' बढ़ने का प्रमाण नहीं माना जा सकता, क्योंकि एनएफएचएस सेवन की स्थिति दर्ज करता है, न कि शराब या तंबाकू पर निर्भरता का चिकित्सकीय आकलन। फिर भी आंकड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। खासकर ग्रामीण महिलाओं में दोनों तरह के सेवन का स्तर शहरी महिलाओं की तुलना में काफी अधिक होना नीति और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अलग से ध्यान देने वाला मुद्दा है।

पुरुषों में भी बढ़ोतरी

इसी अवधि में पुरुषों में भी सेवन बढ़ा है। तंबाकू का इस्तेमाल करने वाले पुरुषों का अनुपात 43.1% से बढ़कर 45.3% और शराब सेवन 34.7% से बढ़कर 38.3% हो गया। यानी तंबाकू और शराब दोनों के मामले में महिलाओं और पुरुषों के आंकड़ों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

ऑस्कर में नेपाल की 'एलीफेंट्स इन द फॉग'

काठमांडू। नेपाली फिल्म 'एलीफेंट्स इन द फॉग' को 2027 में होने वाले 99वें अकादमी पुरस्कारों (ऑस्कर) में नेपाल की प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म चयन समिति (नेपाल) को विचार के लिए 'गौथली' सहित दो फिल्में मिली थीं।



जिम ट्रेनर की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में सोमवार को सुबह बाइक सवार दो हमलावरों ने एक जिम ट्रेनर की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। इलाके में करीब 15 गोलियां चलाई गईं। यह घटना सुबह करीब 10 बजे आया नगर गांव में हुई, जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान जिम ट्रेनर विजय (28) के रूप में हुई है।

नौका पलटने के बाद लापता 129 की तलाश

बंजरमासिन। इंडोनेशिया के प्राधिकारियों ने जावा सागर में खराब मौसम के कारण एक नौका के पलटने के बाद लापता हुए कई लोगों की तलाश सोमवार को तेज कर दी। इस हादसे में कम से कम छह यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 129 लोग अब भी लापता हैं। 'विर्गो ट्रांसपोर्ट 8' नाम की नौका में 240 से अधिक लोग सवार थे।



मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

महराजगंज। महराजगंज जिले में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के सेमरा चंद्रौली गांव में हुआ। शहर कोतवाली क्षेत्र के पिपरदेउवा गांव के रहने वाले सूरज (22) और नीतीश (19) परतावल से महराजगंज नगर की ओर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

6500 श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में चीड़वासा हेलीपैड के समीप भूस्खलन व केदारनाथ पैदल मार्ग के बाधित होने से फंसे 6500 से अधिक तीर्थयात्रियों को सोमवार को बचाव एवं राहत दलों की देखरेख में सुरक्षित निकाला गया। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन से उसके आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।



भारतीय संसद, पठानकोट-पुलवामा हमले में वांटेड है मसूद अजहर

एफएटीएफ के एक्शन से डरा पाकिस्तान आतंकी मसूद पर रखा 70 लाख का इनाम

पाकिस्तान ने एफएटीएफ से बचने के लिए फिर से पुराना ड्रामा करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान सरकार ने भारतीय संसद और पठानकोट-पुलवामा हमले के मुख्य आरोपी जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर का नाम फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की 'रेड बुक' में शामिल किया है, साथ ही उस पर 70 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। पाकिस्तान ने यह कदम अक्टूबर में होने वाली फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की बैठक से पहले उठाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान ऐसा ड्रामा पहले भी कर चुका है, जब पिछले साल भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था और पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे, तब मसूद अजहर ने एक बयान जारी करते हुए अपने परिवार के 9 सदस्यों के मारे जाने की बात सार्वजनिक तौर पर कबूली थी। अब पाकिस्तान का कहना है कि मसूद अजहर पाकिस्तान में नहीं है। पाकिस्तान ने पहले दावा किया था कि मसूद अजहर देश से गायब हो गया है और अफगानिस्तान में छिपा हुआ है। 2021 में एफआईए ने उसे पकड़ने में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी। पांच साल बाद अब इस इनाम की राशि 20 लाख रुपये और बढ़ा दी गई है।

पाकिस्तान 2021 से ही यह कहता आ रहा है कि मसूद अजहर देश में नहीं है बल्कि अफगानिस्तान में है। लेकिन भारतीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक पिछले छह महीनों में किए गए तकनीकी विश्लेषण से पता चला है कि मसूद अजहर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के नवाबशाह शहर में छिपा हुआ है।

पाकिस्तान का नया पैंतरा, आतंकवादियों की 'रेड बुक' में मसूद

26/11 से जुड़े 17 आतंकियों के नाम

सूत्रों के मुताबिक, 26/11 से जुड़े 17 आतंकियों के नाम तस्वीरों और उनकी भूमिका के साथ सूची में मौजूद हैं। 2 लोगों के मामले में तस्वीरें, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध और उनकी भूमिका की जानकारी हटा दी गई है। इनमें तुरबत के मुहम्मद खान का नाम है, जिसने हमलावरों को मुंबई पहुंचाने के लिए अल-हुसैनी नाव उपलब्ध कराई थी। इसी तरह बहावलनगर के अब्दुल रहमान की तस्वीर और लश्कर से उसका संबंध हटाया गया है। लिस्ट में समुद्र के रास्ते हमलावरों को पहुंचाने में मदद करने वाले 11 लश्कर आतंकियों के नाम हैं। 6 अन्य आतंकियों पर हमले के लिए आर्थिक मदद देने का आरोप है।



17 आतंकी 18 साल से फरार

एफआईए के मुताबिक, 26/11 से जुड़े सभी 17 आतंकी 18 साल से फरार हैं। सूत्रों का दावा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास जानकारी है कि ये सभी अब भी पाकिस्तान में हैं। उनका कहना है कि इन्हें मोस्ट वांटेड सूची में डालना अंतरराष्ट्रीय दबाव को कम करने की कोशिश हो सकती है। पाकिस्तान की सूची में 5 साल में मोस्ट वांटेड आतंकियों की संख्या 35 फीसदी बढ़ी है। 2021 की रेड बुक में 1330 नाम थे, जबकि नई लिस्ट में यह संख्या 1804 हो गई है।

पाक की 'नापाक' चाल

- पाकिस्तान पहले एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है। इस दौरान उस पर आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव था।
- अक्टूबर 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से बाहर कर दिया था। अब अक्टूबर में एफएटीएफ की बैठक होने वाली है। ऐसे में मसूद अजहर जैसे आतंकी के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा पाकिस्तान के लिए अहम मानी जा रही है।
- पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिखाने की कोशिश कर सकता है कि वह आतंकवाद और आतंकी फंडिंग के खिलाफ कदम उठा रहा है।

कंधार विमान हाईजैक के बाद रिहा हुआ मसूद

24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस का काठमांडू से दिल्ली आ रहे विमान का अपहरण कर लिया गया। मसूद अजहर उस समय भारत की जेल में बंद था। कंधार पहुंचने के बाद हाईजैकर्स ने उसकी रिहाई की मांग की। भारत ने 31 दिसंबर 1999 को आतंकी मसूद अजहर, अहमद उमर सईद शेख और मुश्ताक अहमद जरगर को रिहा किया।

सीएम ने वायरल वीडियो पर लिया संज्ञान, कलेक्टर से कहा- तत्काल सुधारें सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर शहर के खरसिया चौक पर सड़क की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को हो रही परेशानी के वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत से दूरभाष पर चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने तत्काल सड़क का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने खरसिया चौक की सड़क पर बड़े गड्ढों को भरने, आवश्यक समतलीकरण तथा जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां यातायात का दबाव अधिक है, वहां पुलिस एवं यातायात विभाग के साथ समन्वय कर सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति की नियमित निगरानी करें, आवश्यकता के अनुसार स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें और संबंधित विभागों ▶▶|शेष पेज 7 पर



■ अंबिकापुर की सड़क बदहाल

सभी कलेक्टरों को निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों से कहा है कि बारिश के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। जहां सड़क क्षतिग्रस्त होने, निर्माण कार्य, पुल-पुलिया के आसपास कटाव, जलभराव अथवा अन्य किसी कारण से आवागमन प्रभावित होने या दुर्घटना की आशंका हो, वहां तत्काल सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मानसून के दौरान किसी भी क्षेत्र में सड़क की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। जहां निर्माण कार्य प्रगति पर हैं अथवा बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां गड्ढों को भरने, समतलीकरण, जल निकासी सहित सभी आवश्यक अंतरिम सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जाएं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा चूक

बिना इमिग्रेशन क्लीयरेंस बाहर गए तीन विदेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक ऐसी सुरक्षा चूक सामने आई है, जिसने एयरपोर्ट पर यात्रियों की निगरानी और इमिग्रेशन सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीन इटैलियन नागरिक बिना जरूरी इमिग्रेशन जांच के भारत से बाहर चले गए। मामला सामने आने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयर इंडिया को शो कॉज नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने 12 सितंबर 2026 को एयर इंडिया के सीईओ को नोटिस भेजकर पूछा है कि इस गंभीर चूक के लिए एयरलाइन के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

आखिर हुआ क्या?

मामला 3 और 4 सितंबर की रात का है। तीनों यात्री अमृतसर से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1115 से दिल्ली पहुंचे थे। यह फ्लाइट हब एंड स्पोक व्यवस्था के तहत चलती है यानी यात्री छोटे शहर से बड़े एयरपोर्ट तक आते हैं और वहां से आगे की अंतरराष्ट्रीय उड़ान पकड़ते हैं। फ्लाइट रात करीब 12:50 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। इसके करीब एक घंटे बाद, रात 1:45 बजे तीनों यात्री लुफ्थांसा की फ्लाइट एचएच-763 से म्यूनिख के लिए रवाना हो गए।

चूक पकड़ी कैसे गई?

मंत्रालय के नोटिस में इस बात पर भी सवाल उठाया गया है कि यह गलती यात्रियों के रवाना होने से पहले तय व्यवस्था के जरिए क्यों नहीं पकड़ी गई। मामला बाद में मैनुअल मिलान के दौरान सामने आया। यानी जिस सिस्टम को यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी अंतरराष्ट्रीय यात्री बिना इमिग्रेशन जांच के देश से बाहर न जाए वहां चूक हो गई और मामला बाद की जांच में पकड़ा गया।

मंत्रालय ने एयर इंडिया से पूछे कई सवाल

नोटिस में एयर इंडिया से इस पूरी घटना को लेकर कई सवालों के जवाब मांगे गए हैं। मसलन - डी बोर्डिंग पास वाले यात्री इंटरनेशनल टू इंटरनेशनल एरिया में पहुंचे कैसे? बोर्डिंग पास देखकर यात्रियों को अलग क्यों नहीं किया गया? अमृतसर में ही उन्हें लुफ्थांसा की आगे की उड़ान का बोर्डिंग पास क्यों जारी किया गया? यात्रियों को संभालने और उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाने वाले एयर इंडिया और एसएटीएस के कर्मचारियों की भूमिका क्या थी? घटना के समय नोडल अधिकारी और निगरानी टीम कहां थी और दिल्ली एयरपोर्ट पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का जरूरी मिलान समय पर क्यों नहीं हो पाया?

हाईकोर्ट में दोषी

तेजपाल ने अदालत में किया सरेंडर, कहा- न्याय मिलेगा

पणजी। 'तहलका' पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तरुण तेजपाल ने 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में सुनाई गई 10 साल के कठोर कारावास की सजा को काटने के लिए सोमवार को गोवा की एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने 25 अगस्त को अपने आदेश में कहा था कि बंबई उच्च न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए जाने ▶▶|शेष पेज 7 पर



फैसले को चुनौती

तेजपाल ने अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ उच्च न्यायालय के छह अगस्त के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। इससे पहले गोवा सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर तेजपाल की सजा बढ़ाने का अनुरोध किया था।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद एक्शन में केंद्रीय एजेंसी

सीबीआई ने दिशा की मौत के मामले में दर्ज की एफआईआर, कोई नामजद आरोपी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है, हालांकि बॉम्बे उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए किसी को भी इसमें नामजद आरोपी नहीं बनाया गया है। प्राथमिकी 13 सितंबर को दर्ज की गई। इसमें आपराधिक साजिश, सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, सबूत मिटाने और अपराधियों को बचाने के लिए लोक सेवकों द्वारा गलत रिकॉर्ड तैयार करने से जुड़ी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, इसमें किसी को भी नामजद आरोपी नहीं बनाया गया है।



दिशा के पिता ने जताया संदेह

दिशा के पिता घर पर बनी चटनी और मसालों का 1990 से छोटा सा कारोबार करते हैं। उन्होंने सीबीआई के समक्ष दिए अपने बयान में आरोप लगाया कि काम के दौरान दिशा को मादक पदार्थों और बच्चों की तस्करी से जुड़े एक गिरोह के बारे में पता चला था। हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस तरह के दावे करने के लिए उन्हें इस बारे में जानकारी कैसी मिली।

सीबीआई को दिए थे निर्देश

उच्च न्यायालय ने मुंबई पुलिस को मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का आदेश देते हुए केंद्रीय एजेंसी से सालियान के पिता, सतीश सालियान का बयान दर्ज करने को कहा था, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया था कि किसी को भी आरोपी के तौर पर नामजद नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा था, किसी भी व्यक्ति को तब तक आरोपी नहीं माना जाएगा जब तक कि जांच अधिकारी की राय में, जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री के आधार पर उसके खिलाफ तार्किक संदेह पैदा करने के लिए पर्याप्त कारण न हों।

चढ़ावा चोरी मामले में अंतिम दौर में पहुंची पुलिस की जांच

राम मंदिर दान चोरी में दो और पर होगा केस !

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर दान चोरी मामले में दो और नाम सामने आने की बात सामने आ रही है। पहले मामले में आठ आरोपियों के नाम सामने आए थे। उनके खिलाफ केस दर्ज उन्हें जेल भेजा जा चुका है। इसके बाद से लगातार राम मंदिर के दानपात्र से चोरी मामले की जांच चल रही है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस की विवेचना अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। 25 जून को थाना रामजन्मभूमि में आठ लोगों के खिलाफ दर्ज हुए हाईप्रोफाइल केस की 90 दिन की वैधानिक समय सीमा 22 सितंबर को पूरी हो रही है। इससे पहले ही सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने लगभग विवेचना पूरी कर ली है।



अब तक आठ आरोपियों की गिरफ्तारी

दो नए नामों को लेकर दावे

दान चोरी मामले में दो नए नामों को लेकर दावा किया जा रहा है कि वे ट्रस्ट के पूर्व अधिकारी या गणना कार्य से जुड़े कर्मी हो सकती है। जांच अधिकारी ने उनके मामले में सघन जांच की है। जल्द ही उनके खिलाफ केस दर्ज हो सकता है। पुलिस उनके नाम भी चार्जशीट में शामिल कर सकती है।

चढ़ावा चोरी का मामला 5 जून को प्रकाश में आया था। इसके बाद शासन ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जिसकी प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की तहरीर पर 25 जून को थाना रामजन्मभूमि में आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिन आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था, उनमें गणना प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, ट्रस्ट कर्मी राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू, अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्र, लवकुश मिश्रा, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्रा और मनीष यादव शामिल हैं।

1033 हाईवे हेल्पलाइन का होगा कायाकल्प

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों को तेजी से और बेहतर सहायता उपलब्ध कराने के लिए अपनी मौजूदा '1033' राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन को उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ 'अपग्रेड' करने की योजना है। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा कि अपडेट की गई 1033 हेल्पलाइन में कृत्रिम मेधा (एआई), स्थान की तत्काल निगरानी और स्मार्ट आपातकालीन-प्रतिक्रिया प्रणालियों जैसी प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाएगा। इन सुधारों से 1033 हेल्पलाइन को फोन करने वालों के सटीक स्थान की पहचान करने, विभिन्न भाषाओं में कॉल को समझने और अधिक तेजी से सही सहायता भेजने में मदद मिलेगी।



दीप प्रज्वलित कर 41वें चक्रधर समारोह का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

कला संस्कृति और संगीत की समृद्ध परंपरा के लिए देश दुनिया में पहचान रखने वाले 41वें चक्रधर समारोह का गरिमामय शुभारंभ हुआ। राज्यपाल रमेन डेका ने भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

रायगढ़। चक्रधर समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से हुई। गणेश वंदना की प्रस्तुति संगीत शिरोमणि वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत की गई। समारोह के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम, छत्तीसगढ़ राज्य गीत और राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह स्थल देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत हो उठा। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य गीत ने प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता और गौरव को अभिव्यक्त किया।



खबर संक्षेप

बीएसपी के कोक ओवन में हादसा, ठेका मजदूर की मौत



भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट के कोक ओवन बैटरी-5 में मंगलवार को हुए हादसे में एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। गंभीर हालत में मजदूर को बाहर निकालकर मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ललित कुमार साहू (33) के रूप में हुई है। वह राजनांदगांव का रहने वाला बताया जा रहा है और बीएसपी में उत्कल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के अधीन ठेका मजदूर के रूप में काम करता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोक ओवन बैटरी-5 में काम के दौरान ललित कुमार साहू मिनी पोकलेन के लोडर की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि वह मशीन के हिस्से के नीचे दब गया, जिससे उसे सांस लेने में परेशानी हुई और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मजदूर को बाहर निकाला और तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। मेडिकल पोस्ट में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत के बाद शव को सेक्टर-9 अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

समस्या : मैनपुर वन परिक्षेत्र के ग्रामों के किसानों में आक्रोश

हाथियों का दल रात को धान, मक्का और दलहन- तिलहन फसलों को कर रहे चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल के मैनपुर वन परिक्षेत्र के ग्रामों में हाथियों के दल का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियो दल के द्वारा शाम होते ही गांव के नजदीक पहुंचकर धान, मक्का और दलहन तिलहन की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसके चलते किसानो मे भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। हालांकि वन विभाग एवं हाथी मित्र दल द्वारा गांव मे हाथी पहुंचने से पहले मुनादी करने का दावा किया जा रहा है। बहरहाल मैनपुर क्षेत्र के ग्राम डडईपानी, खोलापारा, बुड़ार, जिड़ार, सिंहार, छिन्दौला, दबनई, धोबीपारा, लुठापारा, रामपारा के आसपास ग्रामो मे हाथियों के दल से भारी दहशत देखने को मिल रही है। 30 से 35 हाथियों का दल लगातार गांव के आसपास डेरा डाले हुए है, जिससे ग्रामीणों की रातें डर के साए में बीत रही हैं।

- हाथी मित्र दल एवं वन विभाग लगातार कर रहे निगरानी

खेतों में तबाही, फसलें चौपट- हाथियों का यह बड़ा झुंड हर दिन ग्रामीण इलाकों और खेतों की ओर रुख कर रहा है। इसके कारण किसानों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है। हाथियों ने कई एकड़ खेत में लगी फसलों को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। जिससे ग्रामीणों को बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।





नवागांव सल्कारोड मार्ग पर शावकों के साथ दिखी बाघिन

बिलासपुर। शावकों के साथ बाघिन अभी एटीआर से लगे गांवों में विचरण कर रही है। नवागांव-सल्कारोड मार्ग पर एक ग्रामीण ने प्रत्यक्ष तौर पर उसे देखा है। उसने तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जिस पर विभाग अलर्ट हो गया। वनकर्मी मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया तो पंजों के निशान भी मिले। हालांकि वन अमला अब तक प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा है। लेकिन, बाघिन की मौजूदगी इस सूचना की अनदेखी नहीं कर रहा है। एक टीम से केवल सर्चिंग कराई जा रही है। इसके अलावा एटीआर प्रबंधन को भी सूचना दी गई है। जिसके बाद स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (एसटीपीएफ) की टीम सर्चिंग में जुट गई है। यह टीम प्रतिदिन उच्चाधिकारियों को सर्चिंग रिपोर्ट देगी।



वन विभाग और हाथी मित्र दल अलर्ट पर

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल मुस्तैद हो गए हैं। हाथियों की हर गतिविधि पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या जनहानि को रोका जा सके और ग्रामीणों को जंगलों की ओर न जाने और शाम के बाद घरों में ही सुरक्षित रहने की सलाह दी गई है वन विभाग की टीम लगातार मुनादी कराकर लोगों को सतर्क कर रही है।

एक माह में सोंढूर और माड़मसिल्ली बांध की क्षमता जितना पानी गंगरेल जलाशय से छूटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सिर्फ दो दिन में 5 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी गंगरेल जलाशय से छोड़ा गया। जबकि एक माह में इस जलाशय से 12 टीएमसी से अधिक पानी की निकासी हो चुकी है जो महानदी परियोजना के मुरूमसिल्ली बांध ओर सोंढूर बांध की कुल जलभराव क्षमता से अधिक पानी है। फिलहाल बारिश थमने के बाद बांध में पानी की आवक में कमी आई है और पानी छोड़े जाने की मात्रा में कमी आने से महानदी किनारे गांव को बाढ़ से राहत मिली है।

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 सितम्बर तक गंगरेल बांध से 5.460 टीएमसी पानी गंगरेल जलाशय से रूद्री बरॉज के लिए छोड़ा जा चुका था। 10 और 11 सितम्बर को करीब 1 टीएमसी पानी की जावक हुई। इसके बाद क्षेत्र में हुई भारी बारिश से बांधों में पानी की आवक तेज हो गई। 11 से 12 सितम्बर को 1.163 टीएमसी, 12 से 13 सितम्बर को 3 टीएमसी तथा 13 से 14 सितम्बर को 2 टीएमसी से अधिक पानी महानदी में छोड़ा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 12 से 13 सितम्बर के बीच 24 घंटे में एवरेज 35760 क्यूसेक (क्यूबिक फीट प्रति सेकंड) पानी छोड़ा गया है।

2 गेट से 5 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा

गंगरेल बांध में 14 मुख्य रेडियल गेट है। शनिवार को 40 हजार क्यूसेक से अधिक पानी आवक होने पर 7 गेट को खोलकर महानदी में पानी छोड़ा गया। सोमवार शाम 7 बजे की स्थिति में गंगरेल बांध में पानी की आवक 9950 क्यूसेक हो गई थी। आवक घटने के साथ दो मुख्य गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। पेनस्टाक (बिजली उत्पादन) से 1150 क्यूसेक एचआर (भिलाई नहर) में 500 क्यूसेक तथा रेडियल गेट से 3578 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, धमतरी से आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर रकम दोगुना करने और तंत्र-मंत्र के जरिये पैसा बढ़ाने का झांसा देकर करीब चार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में मृतक कोमल साहू को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का भी आरोप है। पुलिस ने धमतरी निवासी 49 वर्षीय शीतल कुमार साहू को 13 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर छोड़ दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार मृतक कोमल साहू ने 17 अक्टूबर 2025 को मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



अंतागढ़ क्षेत्र के कुहचे एसएसबी कैंप में हड़कंप

हवलदार ने सर्विस रायफल से खुद को मार ली गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



अंतागढ़ क्षेत्र के कुहचे स्थित सशस्त्र सीमा बल एसएसबी कैंप में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ड्यूटी पर तैनात एक हवलदार ने कथित तौर पर अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज से कैंप में मौजूद जवानों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना में हवलदार की मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद प्रकाश तिवारी के रूप में हुई है। वह मूलतः उत्तरप्रदेश का निवासी बताया जा रहा है।

- आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार आनंद प्रकाश तिवारी कुहचे स्थित एसएसबी कैंप में तैनात था। सोमवार को कैंप परिसर में गोली चलने की आवाज सुनाई देने के बाद साथी जवान तत्काल मौके पर पहुंचे, वहां हवलदार गंभीर अवस्था में मिला। घटना के बाद कैंप में मौजूद अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को भी सूचना भेजी गई। प्रारंभिक तौर पर यह बात सामने आ रही है कि हवलदार ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारी है। हालांकि, उसने यह कदम क्यों उठाया, इसके पीछे क्या परिस्थितियां थीं और घटना के समय वास्तव में क्या हुआ, इन सवालों के जवाब फिलहाल स्पष्ट नहीं हैं। घटनास्थल की जांच और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके के लिए रवाना किया गया है।

भेजीपदर में दंपती ने की आत्महत्या

मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भेजीपदर के अड़ारपारा में दंपती ने आत्महत्या कर ली है। पहले पति ने फिर उसकी पत्नी ने कुछ घंटे के अंतराल में आत्महत्या कर ली।

दोनों की पहचान मिलाप सिंह धुवा (27) और उनकी पत्नी मंजुला धुवा (25) के रूप में हुई है। घटना रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। जानकारी के अनुसार मिलाप व मंजुला दोनों गांव से बाहर खेती क्षेत्र में बने मकान में रहते थे। बताया गया है कि दोनों की लव मैरिज वर्ष 2026 में हुई थी। परिजनों के अनुसार मिलाप पहले भी कई बार आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोशिश कर चुका था। घटना की सूचना मिलने के बाद अमलीपदर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने वाहन से अस्पताल ले गई। शवों का सोमवार को पोस्टमार्टम कर परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172



बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' का भौकाल

मुंबई। मिर्जापुर सीरीज पर बनी फिल्म मिर्जापुर द मूवी सिनेमाघरों में छाई हुई है। फिल्म लगातार सिनेमाघरों में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। मूवी को रिलीज हुए 10 दिन बीत चुके हैं और इसने अपनी रिलीज के 10वें दिन भी शानदार परफॉर्म किया है। फिल्म का आंकड़ा 200 करोड़ के काफी करीब पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मिर्जापुर द मूवी ने रिलीज के 10वें दिन 13.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने भारत में 10 दिनों में 184.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 220.04 करोड़ रुपए हो गया है और दुनिया भर में फिल्म की कमाई 266.04 करोड़ रुपए पहुंच गई है।

लाइफ Style

नयनतारा

दिखीं 'महाशक्ति' के अवतार में

एजेंसी ⏭ मुंबई

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री नयनतारा एक बार फिर देवी 'मूकुथी अम्मन' के किरदार में बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। साल 2020 में इसी नाम की फिल्म में देवी का किरदार निभाकर दर्शकों का ध्यान खींचने वाली नयनतारा अब अपनी नई फिल्म 'महाशक्ति' में इसी किरदार को एक नए और भव्य अंदाज में पेश करती नजर आएंगी।

फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें नयनतारा के किरदार की पहली झलक देखने को मिली है। टीजर में फिल्म की कहानी को लेकर ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन रहस्य, भव्य सेट, शानदार विजुअल्स और बड़े स्तर पर तैयार किए गए कई सीन्स दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाते हैं। 'महाशक्ति' में नयनतारा का किरदार पहले की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली और दमदार नजर आ रहा है। टीजर से संकेत मिलता है कि फिल्म 'मूकुथी अम्मन' की दुनिया को आगे बढ़ाने के साथ कहानी का दायरा भी बड़ा किया गया है। साल 2020 में रिलीज हुई 'मूकुथी अम्मन' में नयनतारा ने देवी का किरदार निभाया था। फिल्म में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक मुद्दों को भी कहानी का हिस्सा बनाया गया था। यही वजह है कि नई फिल्म में उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच खास उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि, 'महाशक्ति' की कहानी क्या होगी और इसका पिछली फिल्म के किरदारों या कहानी से कितना सीधा संबंध होगा, इसे लेकर मेकर्स ने अभी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। फिल्म में नयनतारा के अलावा रेजिना कैसांद्रा, योगी बाबू और ऊर्वशी समेत कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'महाशक्ति' का निर्देशन सुंदर सी. ने किया है।



हॉलीवुड मसाला



एरियाना के पैर में लगी चोट

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस और सिंगर एरियाना ग्रांडे ने बताया है कि वह लंदन में होने वाले अपने शो में हाई हील्स नहीं पहनेंगी। यह फैसला उन्होंने पैर में 'गहरा कट' लगने के बाद लिया है। 33 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें चोट लगी है, जिसकी वजह से उन्हें एक पैर पर वजन डालने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे प्यारे फैंस, मैं आपको बताना चाहती हूं कि एक छोटी सी चोट से ठीक होने के लिए मैंने पैर में पट्टी बांध रखी है।



सिडनी के विज्ञापन पर मचा बवाल

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी एक्ट्रेस और 'द हाउसमेड' फेम सिडनी स्वीनी एक बार फिर से विवादों में घिर गई हैं। हाल ही उन्होंने एक स्पोर्ट्स ट्रेडिंग ऐप के लिए ऐड शूट किया है, जिसे देखकर दुनियाभर के लोग भौचक्के रह रह गए हैं। असल में विज्ञापन की तस्वीरों और वीडियो में 29 साल की एक्ट्रेस लगभग 'नग्न' हालत में हैं। उनके शरीर पर कपड़ों की बजाय अलग-अलग स्पोर्ट्स गयिर जैसे- बॉल्स, रैकेट और बैट हैं, जिनसे उन्होंने अपने अंगों को ढका हुआ है। सोशल मीडिया पर सिडनी के इस नए विज्ञापन की खूब आलोचना हो रही है। दिलचस्प है कि बीते साल 2025 में भी वह एक ऐसे ही विज्ञापन के कारण विवादों में रही थीं। हाल ही 'यूफोरिया सीजन 3' में दर्शकों का दिल जीतने वाली सिडनी स्वीनी, पिछले साल 'अमेरिकन ईगल' डेनिम ब्रांड के विज्ञापन को लेकर खूब ट्रोल हुई थीं।



टोरंटो में चला श्रेया की आवाज का जादू

मुंबई। प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल ने हाल ही में कनाडा के टोरंटो में हुए अपने कॉन्सर्ट को लेकर फीलिंग्स शेयर की। उन्होंने बताया कि वहां दर्शकों का प्यार और जबरदस्त रिस्पॉन्स देखकर वह इतनी इमोशनल हो गईं कि कॉन्सर्ट के बाद उन्हें लगा कि शायद वह पूरी रात सो नहीं पाएंगी। श्रेया ने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, टोरंटो, यह शहर कुछ और ही था। यह एक ऐसी रात थी, जिसे मैं लंबे समय तक याद रखूंगी। इस शहर ने मुझे इतना इमोशनल कर दिया है कि इस जोश के बाद मुझे नहीं लगता कि आज रात मैं सो पाऊंगी। सिंगर ने आगे अपने फैंस को उनके जबरदस्त रिस्पॉन्स और कॉन्सर्ट में दिखाई गई एनर्जी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, इतनी बड़ी संख्या में आने और मेरे साथ गाने के लिए शुक्रिया।



'रामायण' का पहला गाना आउट...

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस का एक्साइटमेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की पहली झलक के बाद अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर फिल्म का पहला गाना 'जय जय राम' रिलीज कर दिया गया है। गाने में राम-सीता के अटूट प्रेम से लेकर दशरथ के पुत्र श्रीराम धर्म निभाने नजर आ रहे हैं। 'जय जय राम' की शुरुआत 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम, राम नारायणम जानकी वल्लभम' से होती है। इसके बाद श्रेया घोषाल की मधुर आवाज सुनाई देती है। वहीं अरिजीत सिंह की आवाज गाने को और भी भावुक बना देती है। गाने के अंत में 'राम सिया राम' की गूंज सुनकर भक्ति का माहौल और गहरा हो जाता है।

टीवी मसाला

आकांक्षा के बाद गौरव ने किया पत्नी को अनफॉलो

मुंबई। टीवी एक्टर और बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना इन दिनों चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक्टर की पत्नी और एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने लॉक अप 2 में खुलासा किया था कि वो और गौरव तलाक ले रहे हैं। इस खुलासे ने सभी को हैरान कर दिया था। आकांक्षा ने गौरव को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया था। इसके बाद अब गौरव खन्ना ने भी इसको लेकर



एक बड़ा कदम उठाया है। गौरव खन्ना ने भी आकांक्षा को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। हालांकि गौरव ने आकांक्षा के साथ अपनी तस्वीरें नहीं हटाई हैं। इससे पहले तक गौरव खन्ना आकांक्षा को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रहे थे, लेकिन एक्ट्रेस ने जैसे ही उनकी और अपनी तस्वीरें डिलीट की और उन्हें इंस्टाग्राम से अनफॉलो किया। तो उन्होंने भी ये कदम उठाया। वहीं,अपनी सोशल मीडिया एक्टिविटी को लेकर अभी तक आकांक्षा और गौरव में से किसी ने भी रिएक्ट नहीं किया है। बता दें कि गौरव और आकांक्षा के रिश्ते की सच्चाई लॉक अप 2 में सामने आई थी। इस शो के दौरान आकांक्षा ने बताया था कि वह और गौरव बीते एक साल से अलग रह रहे हैं और तलाक की प्रोसेस शुरू करने की प्लानिंग बना रहे हैं। उन्होंने यह फैसला आपसी सहमति से लिया है और कहा की उनके बीच कोई मनमुटाव नहीं था। आकांक्षा ने ये भी बताया कि गौरव को बच्चा चाहिए, लेकिन वह ऐसा नहीं चाहती हैं। दोनों के बीच समय के साथ चीजों की अहमियत बदल गई। हालांकि जब लॉक अप 2 में गौरव खन्ना पहुंचे थे, तो उन्होंने कहा था कि वो दोनों अभी भी पति पत्नी है और तलाक को लेकर सिर्फ बात की थी।

'हीरोइन' कहलाना मकसद नहीं



मुंबई। अभिनेत्री संदीपा धर हाल ही में नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आईं। उन्होंने अपने करियर में कॉमेडी, थ्रिलर, ड्रामा और इमोशनल कहानियों में अलग-अलग तरह के भूमिका निभाने की कोशिश की। संदीपा का मानना है कि एक कलाकार की पहचान तभी मजबूत होती है, जब वह खुद को बार-बार अलग भूमिकाओं में आजमाने से न डरे। उन्होंने कहा कि उनके लिए सिर्फ 'हीरोइन' कहलाना कभी मकसद नहीं रहा। वह चाहती हैं कि लोग उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर पहचानें, जो अलग-अलग तरह के किरदार निभाने की काबिलियत रखती है। संदीपा ने कहा, मेरा फोकस हमेशा एक एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाने पर रहा है। मेरे लिए यह ज्यादा जरूरी है कि लोग मेरी एक्टिंग को नोटिस करें और मुझे अलग-अलग किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के तौर पर याद रखें। 'हीरोइन' का टैग कोई मंजिल नहीं है, बल्कि एक कलाकार के लिए असली चुनौती अपने काम के जरिए पहचान बनाना है।

फुटबॉल क्रेज पर प्रियंका का मजेदार पोस्ट...

मुंबई। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने पति निक जोनस के साथ घर पर बिताए पलों की एक मजेदार झलक फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने बताया कि फुटबॉल की वापसी का मतलब है कि अगले चार महीनों तक उनके घर में रविवार का माहौल बिल्कुल अलग होगा। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक मजेदार पोस्ट शेयर करते हुए, प्रियंका ने फुटबॉल सीजन और उसके उनके घर पर छा जाने के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, अगले 4 महीनों तक मेरे घर में हर रविवार का माहौल ऐसा ही होगा। फुटबॉल की वापसी से बहुत खुश हूँ। वहीं, निक जोनस ने इस पोस्ट पर हंसने वाला इमोजी बनाकर प्रतिक्रिया दी। प्रियंका अमेरिकन फुटबॉल और एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग) की बात कर रही हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 2026 एनएफएल रेगुलर सीजन सितंबर में शुरू हुआ और 10 जनवरी, 2027 तक चलेगा।



सामने आई 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' की पहली झलक

मुंबई। बॉलीवुड के पॉपुलर कोरियोग्राफर और निर्देशक गणेश आचार्य जल्द ही अपनी फिल्म रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का पहला पोस्टर उन्होंने रिलीज कर दिया है। फिल्म का नाम 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' है। फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' से गणेश आचार्य निर्देशन की झलक दिखाने जा रह। इस फिल्म की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से फैंस के साथ शेयर की। गणेश ने लिखा, 'गणेश चतुर्थी के मौके पर हम अपनी फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' की पहली झलक दिखाने जा रहे है। गणपति बप्पा मोरया'। फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' में का लेखन और निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। वहीं फिल्म का निर्माण वीटूएस प्रोडक्शंस के बैनर तले हुआ है। फिल्म की निर्माता सौदर्या हैं। फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के संवाद दिगंगना सूर्यवंशी ने लिखे हैं। लिहाल फिल्म की रिलीज डेट और कास्ट की जानकारी मेकर्स ने साझा नहीं की।



चिंतन

संविधान की मूल भावना के अनुरूप है यूसीसी

समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी को लेकर देश में बहस नई नहीं है, लेकिन अब यह बहस विचार के स्तर से आगे बढ़कर कानून और उसके क्रियान्वयन के स्तर पर पहुंचती दिखाई दे रही है। विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे जैसे पारिवारिक मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लागू करने की अवधारणा अपने आप में संविधान की उस भावना के अनुरूप है, जो कानून के सामने समानता और समान अधिकार की बात करती है। संविधान के अनुच्छेद 44 में भी राज्य को पूरे देश में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। यूसीसी का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा है। विवाह और उत्तराधिकार जैसे मामलों में अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण महिलाओं के अधिकारों में जो असमानताएं दिखाई देती रही हैं, उन्हें दूर करने की दिशा में समान कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। किसी महिला के अधिकार केवल उसके धर्म या व्यक्तिगत कानून से तय न होकर समान नागरिक अधिकारों के आधार पर तय हों, यह संवैधानिक समानता की मूल भावना को मजबूत करता है। देश में यूसीसी को लेकर उत्तराखंड ने सबसे पहले कानून लागू करके एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके बाद अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इस दिशा में गतिविधियां तेज हुई हैं। गुजरात और असम में इससे संबंधित प्रस्ताव आगे बढ़े हैं, जबकि मध्य प्रदेश में भी इससे जुड़े विधायी कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार की ओर से भाजपा शासित करीब 21 राज्यों में यूसीसी लागू करने की योजना पर काम किए जाने की चर्चा इस मुद्दे को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला रही है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा भी शीतकालीन सत्र में यूसीसी विधेयक पेश करने की तैयारी इसी बदलते राजनीतिक और विधायी परिदृश्य का संकेत है। हालांकि यूसीसी का उद्देश्य समानता स्थापित करना है, लेकिन इसकी सफलता केवल कानून बनाने से तय नहीं होगी। इसी संदर्भ में मुस्लिम पर्सनल लॉ को लेकर उठने वाली आपत्तियों और न्यायिक चुनौती को भी गंभीरता से देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई का मुद्दा इस व्यापक बहस का हिस्सा है। याचिकाकर्ताओं ने इसमें मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। दूसरी ओर, भोपाल में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में यूसीसी के विरोध के साथ कानूनी लड़ाई की रणनीति पर चर्चा और 17 सितंबर को जंतर-मंतर के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश से लोगों की भागीदारी की अपील बताती है कि विरोध का पक्ष भी अपनी बात लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से रखने की तैयारी कर रहा है। यूसीसी यदि वास्तव में समान नागरिक अधिकारों का माध्यम बनना है तो उसकी बुनियाद किसी समुदाय के विरुद्ध राजनीतिक ध्रुवीकरण पर नहीं, बल्कि लैंगिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों पर होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 में व्यक्त लक्ष्य है। इसलिए इस पर चर्चा या कानून बनाने को असंवैधानिक कहना उचित नहीं होगा। लेकिन संवैधानिक भावना का अर्थ केवल समान कानून बनाना नहीं, बल्कि समानता के साथ न्याय और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी है। यूसीसी तभी सफल होगा, जब वह समाज को बांटने के बजाय नागरिकों के बीच समान अधिकार और समान न्याय का भरोसा मजबूत करे।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

मोदी को ब्रिक्स से नई ऊर्जा

2027 के विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए सिर्फ पांच राज्यों की सत्ता का सवाल नहीं, बल्कि 2029 की बड़ी राजनीतिक लड़ाई की जमीन भी तैयार करेंगे। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में होने वाले चुनावों से पहले भाजपा 2024 के बाद मिली लगातार चुनावी सफलताओं के आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है। पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करने से पार्टी का मनोबल बढ़ा है, वहीं दिल्ली में वापसी और अन्य राज्यों में एनडीए की जीत ने विपक्ष की चिंता बढ़ाई है। इसी बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की कूटनीतिक सफलता भाजपा के लिए राष्ट्रवाद और वैश्विक नेतृत्व का नया चुनावी नैरेटिव तैयार कर सकती है।

भारतीय राजनीति एक बार फिर करवट लेने जा रही है। 2027 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, और भाजपा नेतृत्व अभी से इसकी तैयारियों में जुट गया है। लेकिन इस बार भाजपा किसी नई शुरुआत के साथ नहीं, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद मिली सिलसिलेवार जीतों के आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने वाली है। साथ ही, नई दिल्ली में अभी-अभी संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की कूटनीतिक सफलता भी उसके लिए एक सकारात्मक माहौल बना रही है, जिसका सीधा असर आने वाले चुनावों में मतदाताओं की सोच पर पड़ सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक देश के करीब ग्यारह राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, और इनमें से सात से ज्यादा में एनडीए-भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं।

आंध्र प्रदेश, ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ ही एनडीए को जीत मिली थी। इसके बाद हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा, तो महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की। दिल्ली में करीब 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हुई और बिहार में एनडीए ने अपना गठबंधन बरकरार रखा।लेकिन इस पूरी यात्रा की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली कामयाबी रही पश्चिम बंगाल। मई 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को करारी शिकस्त देते हुए पहली बार राज्य में सरकार बनाई और वो भी प्रचंड बहुमत के साथ। यह जीत इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि बंगाल लंबे समय से भाजपा के लिए एक दुर्गम किला माना जाता रहा है। इसी के साथ असम में भाजपा की सत्ता में वापसी हुई और पुडुचेरी में भी एनडीए जीता। हालांकि केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने दस साल बाद सत्ता में वापसी की, और तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने डीएमके को सत्ता से बाहर कर दिया यानी तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नहीं है, लेकिन बड़े और रणनीतिक रूप से अहम राज्यों में भाजपा-एनडीए की लगातार जीत ने पार्टी को एक मजबूत मनोवैज्ञानिक बढ़त जरूर दी है। यही वजह है कि विपक्षी खेमे में बेचैनी बढ़ती जा रही है। चिंता यह है कि अगर भाजपा का यही जीत का सिलसिला 2027 में यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में भी बरकरार रहा, तो 2029 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए चुनौती और भी विकराल हो जाएगी। यूपी जैसे सबसे बड़े राज्य में भाजपा को सत्ता की हैट्रिक की उम्मीद है, हालांकि समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव का पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फॉर्मूला उसके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वहीं, पंजाब अकेला ऐसा राज्य है जहां भाजपा सत्ता में नहीं है यहां आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल खुद सक्रिय होकर रैलियां कर रहे हैं और समय से पहले चुनाव की आशंका तक जता चुके हैं, जो दिखाता है कि पंजाब में मुकाबला भाजपा के लिए एक अलग ही रणनीति की मांग करता है।

ठीक इसी दौर में, जब भाजपा 2027 के चुनावों की जमीन तैयार कर रही है, नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक साख को और मजबूत कर दिया है। भारत की



अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन 2026 को सर्वसम्मति से अपनाया गया और यह इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इसमें आपस में गहरे मतभेद रखने वाले ईरान, सऊदी अरब और यूएई जैसे देश भी शामिल हैं। सबसे उल्लेखनीय रहा भारत का कूटनीतिक मध्यस्थता कौशल। ईरान जहां चाहता था कि घोषणा पत्र में अमेरिकी-इज़रायली हमलों और पश्चिमी प्रतिबंधों की स्पष्ट निंदा हो, वहीं यूएई की मांग थी कि खाड़ी क्षेत्र पर हुए ईरानी मिसाइल हमलों की भी निंदा शामिल की जाए यानी दोनों पक्षों की मांगें एक-दूसरे से पूरी तरह टकरा रही थीं। भारत ने रातभर, यानी सुबह चार बजे तक चली बातचीत के जरिए इन मतभेदों को दूर किया और एक ऐसा संतुलित साझा बयान तैयार करवाया जिसमें किसी देश का नाम लिए बिना हर तरह की आक्रामकता की निंदा की गई। इसके अलावा घोषणा पत्र में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा, आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ सख्त रुख, आतंकवाद को धर्म से न जोड़ने की बात, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता को रूस-चीन का समर्थन, और एकतरफा टैरिफ की निंदा जैसे मुद्दे भी शामिल रहे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में हुआ यह सम्मेलन पीएम मोदी की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को रेखांकित करता है। राजनीतिक नजरिए से देखें तो ऐसे कूटनीतिक आयोजनों का असर सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मंच तक सीमित नहीं रहता। भारत जैसे देश में जहां राष्ट्रवाद और वैश्विक नेतृत्व की छवि चुनावी विमर्श का अहम हिस्सा बन चुकी है, वहां ब्रिक्स जैसी सफलताएं मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक और गर्व का संदेश देती हैं भारत अब सुनता नहीं, बल्कि दुनिया को सुनाता है यह नैरेटिव आने वाले विधानसभा चुनावों के प्रचार में भाजपा के लिए एक भावनात्मक जुड़ाव का औजार बन सकता हैं। लेकिन चुनावी राह इतनी आसान भी नहीं है। घरेलू मोर्चे पर जातीय राजनीति एक नया मोड़ लेती दिख रही है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अगस्त 2026 से 'रिजर्वेशन रिफॉर्म आंदोलन' के नाम से सामान्य वर्ग और सवर्ण संगठनों का प्रदर्शन जारी है, जिसमें जनरल सेना, चाणक्य सेना और करणी सेना जैसे संगठन शामिल हुए हैं। यह आंदोलन यूजीसी के नए समानता (इक्विटी) नियमों के विरोध में भड़का, जिन्हें दलित-आदिवासी-ओबीसी संगठन जातिगत भेदभाव रोकने के लिए जरूरी मानते हैं, जबकि सवर्ण संगठन इसे अपने खिलाफ दुरुपयोग की आशंका के तौर पर देखते हैं।

भाजपा खेमे के कई नेताओं का यह भी दावा है कि विपक्षी दल 2027 के यूपी चुनाव से पहले जानबूझकर हिंदू वोटों को जातीय आधार पर बांटने की रणनीति पर काम कर रहे हैं ठीक वैसे ही जैसा दावा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी किया गया था। हालांकि विपक्ष और सामाजिक न्याय से जुड़े संगठन इसे साजिश नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक असमानता और जातीय भेदभाव का एक वास्तविक और लंबित मुद्दा मानते हैं। यह बहस आने वाले महीनों में और तेज होने की पूरी संभावना है।कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा 2027 के पांच राज्यों के चुनावी मैदान में दो बड़े हथियारों के साथ उतर रहे हैं एक तरफ 2024 के बाद मिली सिलसिलेवार चुनावी जीतों, खासकर बंगाल जैसे मुश्किल किले की फतह का आत्मविश्वास, और दूसरी तरफ ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंच पर मिली कूटनीतिक कामयाबी का सकारात्मक और राष्ट्रवादी संदेश। लेकिन घरेलू मोर्चे पर सवर्ण-आरक्षण बहस, जातीय ध्रुवीकरण की कोशिशें और पंजाब जैसे राज्य में एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी की मौजूदगी ये सब मिलकर यह तय करेंगे कि क्या भाजपा अपनी इस जीत की यात्रा को अगले चरण में भी बरकरार रख पाती है, या विपक्ष इन्हीं मुद्दों के सहारे अपनी 2029 की राह को थोड़ा आसान बना पाता है। आने वाले महीनों में यह राजनीतिक संग्राम और तेज होना तय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
ज्ञानेन्द्र रावत



आखिर कब समझेंगे हम हिमालय की पीड़ा

नेपाल त्रासदी ने हिमालय को, उसके मूल चरित्र को बूझने-समझने का हमें फिर एक अवसर प्रदान किया है, जबकि बीते दशकों की घटनाएं हमें बार-बार सचेत करती रही हैं। नेपाल में आई आपदा के खतरे की चेतावनी भी करीब 5 महीने पहले इंटरनेशनल सेंटर फार इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट ने मार्च 2026 में जारी रिपोर्ट के जरिए दी थी, लेकिन दुखद है कि बार-बार दी जा रही चेतावनियों को हम नजरंदाज करते रहे हैं। यह भी कि बीते दशकों की घटनाओं से हमने न तो कोई सबक सीखा और न उनसे निबटने की बाबत कोई कारगर प्रयास ही किए। नेपाल की घटना ने यह साफ कर दिया है कि इस इलाके में भूस्खलन और जलवायु जैसे जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों के फटने का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संस्था के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से ऐसी आपदाओं की आशंका, आवृत्ति और घातकता काफी बढ़ जाती है। इसके साथ हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पूरा हिमालयी अंचल अपनी बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के चलते स्वाभाविक रूप से आपदाओं के प्रति काफी संवेदनशील है। यह दुनिया की सबसे नई पर्वत श्रृंखला है, जिसकी चट्टानें और मिट्टी पूरी तरह जमी और कठोर नहीं है, जिसके कारण इस इलाके में मामूली हलचल से ही भू-स्खलन हो जाना आम बात है। यहां के पहाड़ और ढलान बहुत ही तेज, तीखे और सीधे हैं, जिसकी वजह से बर्फबारी या बारिश के दौरान पहाड़ी मिट्टी और चट्टानें तेजी से नीचे गिरती हैं। इससे ग्लेशियर फटने का खतरा हर समय बना रहता है। इसकी इसी खासियत और ऊंचाई की वजह से इस इलाके में बारिश भी खूब होती है जो बाढ़ का सबसे बड़ा कारण बनती है। इसका एक अहम कारण यह भी है कि इंडियन टैक्टोनिक प्लेट लगातार उत्तर की ओर खासकर यूरेनियम प्लेट से टकरा रही है जिसके निरंतर टकराव की वजह से भूमि के भीतर भारी तनाव पैदा होता है।हिमालयी अंचल मे घटती वन छतरी भी पहाड़ों के दरकने की अहम वजह है। अध्ययनकर्ता वैज्ञानिकों की मानें तो पेड़ों की कटाई, पहाड़ों पर बेतहाशा बढ़ता जा रहा निर्माण और जलवायु परिवर्तन वन छतरी घटने की प्रमुख वजह है। क्योंकि वन छतरी यानी पेड़ों की पत्तियों , टहनियों और शाखाओं से जमीन के ऊपर बनी प्राकृतिक परत बारिश की बूंदों की जमीन पर सीधी मार को कम करती है। इनके न होने से बारिश की बूंदों की सीधी मार जमीन पर गिरती है जिससे ढलान की मिट्टी में पानी और जल दबाव बढ़ जाता है। सदी के अंत तक कई हिमालयी इलाकों से बर्फ लगभग गायब हो सकती है। यह हिमालयी अंचल में तेजी से बदल रहे मौसम के मिजाज का सबूत है। मौसम में आ रहा यह बदलाव ग्लेशियरों के पिघलने की दर को गहराई से प्रभावित कर रहा है। इसके कारण हिमालयी क्रायोस्फीयर कहें या बर्फीला तंत्र पहले से अधिक संवेदनशील होता जा रहा है। नतीजतन हिमालयी ग्लेशियर तेजी से बर्बाद हो रहे हैं। हिमालय के तकरीबन 60 हजार से भी अधिक ग्लेशियर एशिया की दस बड़ी नदियों और सैकड़ों सहायक नदियों के स्रोत हैं। इन पर भारत, पाकिस्तान, नेपाल, चीन,भूटान, बांग्लादेश, हिंदचीन और मध्य ऐशिया के करीब दो अरब लोगों का जीवन यानी भोजन, पानी और ऊर्जा पर आधारित है। इन ग्लेशियरों का करीब-करीब तीन चौथाई हिस्सा समुद्र तल से मात्र 4500 से लेकर 6000 मीटर की ऊंचाई पर हैं। इसरो के सैटेलाइट अध्ययन के अनुसार 2431 बड़ी झीलें चिन्हित की गई हैं, जिनका आकार 10 हैक्टेयर से अधिक है। इनमें से 676 का आकार 27 फीसदी से भी अधिक बड़ा है। इनमें 130 सर्वाधिक संवेदनशील हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी आस्ट्रिया और वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान के हालिया अध्ययन के अनुसार हिमालयी क्षेत्र में वर्तमान में 24,440 ग्लेशियर झीलें हैं जिनमें 221 बेहद संवेदनशील और खतरनाक हैं जो कभी भी बम की तरह फट सकती हैं। निष्कर्ष यह कि नेपाल की हालिया त्रासदी ने न केवल ग्लेशियरों की निगरानी पर ही सवाल खड़े नहीं किए हैं, उसने चेतावनी तंत्र पर भी सवाल खड़े किए हैं। इस त्रासदी ने हिमालयी अंचल के देशों यथा- भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन और म्यांमार सहित हिमालयी भारतीप राज्यों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यही नहीं नेपाल त्रासदी को हमें केवल एक आपदा के रूप में नहीं ,बल्कि एक सामरिक, वैज्ञानिक और मानवीय चुनौती के रूप में देखने की जरूरत है। यह सब पर्यावरण संवेदनशीलता के सही मायने में समन्वय से ही संभव होगा। उसी स्थिति में हम मानवजनित ऐसी आपदाओं के भंवर से बाहर निकलने और अपने भाल हिमालय को बचा पाने में समर्थ हो पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते। हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

अंतर्मन



आज की पाती

हिंदी अपनाने में हर्ज क्या है?

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा घोषित किया था। हिंदी का देश में विस्तार करने के लिए तब से हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। हिंदी 'कोई' भाषा नहीं, बल्कि हमारे देश की राजभाषा और राष्ट्रीय प्रतीक है। भारत में कई राज्य और कुछ केंद्र शासित प्रदेश हैं, इन सभी में लोग अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हैं। यह अच्छी बात है कि अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन देश की राजभाषा हिंदी को भी उतना ही सम्मान देना चाहिए जितना मातृभाषा को। आज हिंदी कुछ अंग्रेजी कारण तो कुछ स्थानीय भाषाओं के बीच पिस रही है। इस कारण आज आजादी के इतने सालों बाद भी हिंदी को वो उच्च स्थान नहीं मिल सका है जो मिलना चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाना होगा। – *राजेश तिवारी, भिलाई*

ट्रेंड

गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं



देशवासियों को गणेश चतुर्थी की अनंत शुभकामनाएं। विघ्नहर्ता के दर्शन और पूजन का यह पावन पर्व सबके जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। उनके दिव्य आशीर्वाद से सभी के प्रयास सफल हों। गणपति बाप्पा मोरया!
-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

भाषा कुंज का लोकार्पण



नवी मुंबई में छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में राजभाषा विभाग के 'राजभाषा कीर्ति' एवं 'राजभाषा गौरव' पुरस्कार वितरित किए। भारतीय बहुभाषी अनुवाद 'सारथी' मोबाइल एप व देश के पहले डेटा सेंटर 'भाषा कुंज' का लोकार्पण किया। -**अमित शाह,** गृहमंत्री

खाने पर राजनीति



मुझे यकीन नहीं हो रहा कि कांग्रेस पार्टी ब्रिक्स देशों के नेताओं को परोसे गए खाने के मेन्यू पर भी राजनीति कर रही है। हमारे मेहमानों ने भारतीय शाकाहारी भोजन का आनंद लिया, जो स्वाद और पोषण से भरपूर था और जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों की परंपराओं की झलक थी।
-**किरेन रिजिजू,** केंद्रीय मंत्री

पसंद थोपती है भाजपा



भाजपा का लोगों पर पसंद थोपना पहले से ही समस्या है। दुनियाभर से आए गणमान्य लोगों पर भी अपनी पसंद थोपकर इसे एक कदम आगे बढ़ा दिया है। भारत एक समृद्ध, विविधतापूर्ण और कई व्यंजनों वाला देश है। यहां मांसाहारी व्यंजनों की भी कई बेहतरीन किस्में हैं, जिन्हें लोग पसंद करते हैं और बड़े चाव से खाते हैं। -**पवन खेड़ा,** कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

लंदन में टेम्स नदी के तट पर पहली बार हुई गंगा आरती

लंदन में टेम्स नदी के तट पर रविवार को पहली बार गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। 'टेम्स तट पर गंगा आरती : प्रकाश उत्सव' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन 'चिन्मय मिशन यूके' ने 'टोटली टेम्स' के वार्षिक उत्सव के सहयोग से किया। यह आयोजन 'चिन्मय मिशन' की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनियाभर में हो रहे कार्यक्रमों का हिस्सा था। भारत में गंगा के तट पर होने वाली प्रसिद्ध आरती की परंपरा से प्रेरित इस आयोजन की परिकल्पना प्रकृति, ज्ञान और चेतना के जीवनदायी प्रवाह के प्रतीक के रूप में की गई थी।' चिन्मय मिशन यूके' की शिक्षिका ब्रह्मचारिणी श्रीप्रिया चैतन्य ने कहा, पीढ़ियों से श्रद्धालु गंगा के तट पर दीप प्रज्वलित कर मां गंगा की आराधना करते और प्रकृति एवं जीवन को संवारने वाली दिव्य शक्तियों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता दर्शाते आए हैं। उन्होंने कहा,"टेम्स नदी के तट पर गंगा आरती भी इसी भावना को आगे बढ़ाती है और कृतज्ञता, आशा तथा एकता के साझा भाव में लोगों को एक साथ लाती है। चैतन्य ने बताया कि चिन्मय मिशन के लिए गंगा ज्ञान के प्रवाह का भी प्रतीक है।



ऑफ बीट

आराम के समय हृदय गति की भी अपनी छिपी लय होती है

आपने संभवत: 'सर्केडियन रिदम' यानी शरीर की उस 24 घंटे की जैविक घड़ी के बारे में सुना होगा, जो हमारी नींद और जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। लेकिन अब यह सामने आया है कि आराम की अवस्था में हृदय की गति भी ऐसी रहस्यमयी और लंबी अवधि वाली लय का अनुसरण करती है, जो बाहरी दुनिया से स्वतंत्र रूप से चलती है। आराम की अवस्था में हृदय गति से आशय उस समय प्रति मिनट दिल की धड़कनों की संख्या से है, जब व्यक्ति शांत और निष्क्रिय अवस्था में हो। यह माप तनाव, थकान और शारीरिक फिटनेस से जुड़ा होता है। अध्ययन में पता चला कि 70 प्रतिशत प्रतिभागियों की आराम की अवस्था वाली हृदय गति एक धीमी जैविक लय का अनुसरण करती थी। 'स्मार्टवॉच' यानी ऐसी डिजिटल घड़ी जो समय बताने के साथ-साथ शरीर और दैनिक गतिविधियों से जुड़ी कई जानकारियां भी दर्ज करती है। इन लय में सप्ताह, महीने या यहां तक कि 10 सप्ताह तक के अलग-अलग चक्र पाए गए। इन चक्रों के दौरान प्रति मिनट दिल की गति एक निश्चित क्रम के अनुसार बढ़ती और घटती रही। इन चक्रों की पहचान से मानव शरीर की जैविक समय-व्यवस्था के बारे में हमारी समझ का विस्तार होता है और इसका इस्तेमाल लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में किया जा सकता है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

शोधकर्ताओं ने कहा- झीलें होती जा रहीं अस्थिर, पहाड़ों की नहीं हो रही निगरानी

तेजी से पिघल रहे हिमालयी ग्लेशियर, अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶ सना

एक नए शोध में हिमालय को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें कहा गया है कि हिमालय एक खतरनाक सीमा के करीब पहुंच रहा है क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, झीलें अस्थिर होती जा रही हैं और पहाड़ों की निगरानी नहीं हो पा रही है। हाल ही में नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद हिमालय की नाजुक स्थिति को लेकर ये नया आंकलन सामने आया है। शोधकर्ताओं का तर्क है कि उद्देश्य पर्यटकों की संख्या को अधिकतम करने से हटकर स्थानीय स्तर पर मूल्य सृजित करने की ओर होना चाहिए।

65 गुना तेजी से द्रव्यमान खो रहे ग्लेशियर

सिस्टेमिक, इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट और जीबी पंत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरनमेंट के इस शोध में कहा



गया है कि हिमालयी ग्लेशियर अब एक दशक पहले की तुलना में 65 प्रतिशत तेजी से अपना द्रव्यमान खो रहे हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लेशियरों के पीछे हटने से अस्थिर चट्टानों और झीलों का विस्तार हो सकता है। साथ ही, वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी से पर्माफ्रॉस्ट और ऊंचे पहाड़ी ढलोनों की अस्थिरता बढ़ रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर भी जताई चिंता

शोध के अनुसार, हिमालयी जल भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 20 प्रतिशत आधार है, जो गेहूं, चावल, चाय, जलविद्युत और तीर्थयात्रा अर्थव्यवस्थाओं को सहारा देता है। सिस्टेमिक की वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख लेखिका आरुषि चोपड़ा ने कहा, हिमालय एक नाजुक मोड़ पर पहुंच रहा है, जहां लाखों लोगों की जान और आजीविका दांव पर लगी है। ग्लेशियर एक दशक पहले की तुलना में तेजी से पिघल रहे हैं।

सरकार बोली- 56 झीलें अत्यधिक जोखिम श्रेणी में

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग 18 प्रतिशत भूमि हिमालयी क्षेत्र है, इसके बावजूद इस क्षेत्र में लगभग 35 प्रतिशत आपदाएं होती हैं। सरकार ने संसद में बताया था कि 2025 में हिमालय की 189 उच्च जोखिम वाली झीलों का मूल्यांकन किया गया था। इसके बाद 56 झीलों को 'अत्यधिक जोखिम' वाली श्रेणी में रखा गया है। सरकार ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग हिमालयी नदी बेसिनों में 10 हेक्टेयर से बड़ी 2,485 झीलों की निगरानी कर रहा है।

हिमालय के निचले इलाकों में आ चुकी हैं आपदाएं

पहले भी हिमालय में आई अचानक बाढ़ों ने जान-माल को नुकसान पहुंचाया है। 2023 में सिक्किम में हिमनदी झील के फटने से आई बाढ़ में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई थी और सड़कों, पुलों और जलविद्युत परियोजनाओं को भारी नुकसान हुआ था। 2021 में उत्तराखंड में इसी तरह की आपदा में ऋषिगंगा और धौलीगंगा घाटियों में आई भीषण बाढ़ के बाद 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

खबर संक्षेप

बाढ़ के पानी में नहाने गए दो भाई डूबे, मौत

खगड़िया। बिहार के खगड़िया जिले में सोमवार को बाढ़ के पानी में नहाने के दौरान दो सगे नाबालिग भाइयों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के परबत्ता प्रखंड अंतर्गत भरसो पंचायत के बांधकट्टा के पास हुई। मृतकों की पहचान तेलिया बथान गांव निवासी गोविंद कुमार(15) और जय कुमार (13) के रूप में हुई है। गोगरी के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) संजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, /"इस हादसे में दो बच्चों की मौत हुई है, जो अत्यंत दुखद है। जिले में बाढ़ का खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है।/" एसडीओ कुमार ने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बाढ़ के पानी में नहाने न जाने दें। एसडीओ ने बताया कि जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित पंचायतों में लगातार ध्वनि प्रसारकों की मदद से लोगों को सतर्क कर रहा है।

निवेशकों से 3.78 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ऑनलाइन निवेश योजनाओं में पैसा लगाने का लालच देकर 21 निवेशकों से 3.78 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी की पहचान राहुल पाल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने निवेशकों को 25 महीनों के लिए प्रति माह 10 प्रतिशत तक रिटर्न का कथित तौर पर वादा किया था। बयान में कहा गया है कि आरोपियों ने निवेशकों का विश्वास हासिल करने के लिए शुरुआत में कुछ महीनों तक रिटर्न का भुगतान किया और बाद में उन्हें रिटर्न को फिर से निवेश करने और अधिक निवेशकों को लाने के लिए राजी किया।

यूरोप-एशिया शॉर्टकट शिपिंग रूट पर दबदबा बढ़ा

हूतियों का लाल-सागर में दो और द्वीपों पर कब्जा



एजेंसी ▶▶ सना

यमन के हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी लाल सागर में दो और अहम द्वीपों पर कब्जा कर लिया है। यमन सरकार के मुताबिक हूतियों ने ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश द्वीपों पर अपने लड़ाके तैनात किए हैं। ये द्वीप बाब-अल मंदेब स्ट्रेट से करीब 160 किमी उत्तर में हैं।इससे पहले पिछले हफ्ते हूतियों ने लाल सागर के किनारे बसे बंदरगाह शहर मोखा और बाब-अल मंदेब में मौजूद मायून द्वीप पर भी कब्जा किया था। इन दोनों जगहों पर सऊदी अरब के समर्थन वाली यमनी सरकारी सेना का नियंत्रण था।

एशिया से यूरोप जाने का शॉर्टकट रास्ता

हूतियों के इन द्वीपों पर कब्जे से लाल सागर के समुद्री रास्ते पर उनका दबदबा और मजबूत हो गया है। बाब-अल-मंदेब एशिया से यूरोप जाने वाले जहाजों के लिए शॉर्टकट रास्ता है। यहां से गुजरने के बाद जहाज स्वेज नहर के रास्ते भूमध्य सागर तक पहुंचते हैं।

यमन में सरकार और हूतियों के बीच हमले तेज

यमन और सऊदी की सेना ने रविवार को लाल सागर के पास हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए। इसके जवाब में हूतियों ने सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइल से हमले करने का दावा किया। हमले की आशंका के बीच सऊदी अरब के दो शहरों अबहा और खमिस मुशैत में सायरन बजाए गए। लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा गया। सऊदी में यमन सीमा के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरने से दो लोग घायल हुए।

यमन में 500 से ज्यादा सरकारी लड़ाके मारे गए

यमन में हूतियों के खिलाफ लड़ाई में पिछले चार हफ्तों में सरकार समर्थित 500 से ज्यादा लड़ाके मारे गए हैं। सरकार के समर्थन में लड़ने वाली नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स ने यह दावा किया है। संगठन के मुताबिक, इसी दौरान होदेदा और ताइज प्रांतों में 1,000 से ज्यादा हूती लड़ाके भी मारे गए। हालांकि, हूतियों ने इन आंकड़ों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

12 साल से चल रही हैं यमन में लड़ाई

यमन में सरकार और हूतियों के बीच करीब 12 साल से लड़ाई चल रही है। सऊदी अरब यमन की सरकार का समर्थन करता है, जबकि हूतियों को ईरान का समर्थन मिलता है। 2022 में दोनों पक्षों के बीच सीजफायर हुआ था। इसके बाद बड़े पैमाने पर लड़ाई काफी कम हो गई थी। अब हूतियों की बढ़त के बाद यमन में फिर बड़े गृहयुद्ध का खतरा पैदा हो गया है।

बाब अल-मंदेब बंद हुआ तो जहाजों को लेना पड़ेगा लंबा रास्ता

अगर बाब अल-मंदेब के पास तनाव बढ़ा और जहाजों की आवाजाही बंद हुई, तो एशिया और यूरोप के बीच चलने वाले जहाजों को अफ्रीका के चारों ओर घूमकर जाना पड़ेगा। अभी जहाज लाल सागर और स्वेज नहर के रास्ते जाते हैं। यह रास्ता बंद होने पर जहाजों को हजारों किलोमीटर ज्यादा दूरी तय करनी पड़ेगी और सफर में कई दिन ज्यादा लगेंगे। इससे ईंधन और शिपिंग का खर्च बढ़ेगा। लंबे समय तक रास्ता बंद रहा तो सामान पहुंचने में देरी हो सकती है। तेल, पेट्रोल-डीजल और दूसरी आयातित चीजों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका असर भारत में आयात लागत और महंगाई पर भी पड़ सकता है।



कपिल सिब्बल के प्रस्ताव को सीजेपी का समर्थन

पार्टी बदलने वाले एमपी-एमएलए पर लगाएं 10 साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने पैसे या दबाव के चलते राजनीतिक पार्टी बदलने वाले विधायक और सांसदों पर 10 साल के बैन का प्रस्ताव रखा है। सिब्बल के इस प्रस्ताव का 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) ने समर्थन किया है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दिपके ने इसे समय की जरूरत बताया है। केरल के कोच्चि में 'हॉर्स ट्रेडिंग और लोकतंत्र' पर बोलते हुए सिब्बल ने संविधान की दसवीं अनुसूची में बदलाव की मांग की, ताकि पार्टियों का विलय बड़े पैमाने पर पार्टी छोड़ने का जरिया न बन सके।

कपिल सिब्बल अभिजीत दिपके

10वीं अनुसूची में संशोधन पर जोर

सिब्बल ने बताया कि मौजूदा कानून के तहत, अगर किसी विधायी दल के दो-तिहाई सदस्य दूसरी पार्टी में चले जाते हैं, तो इसे विलय माना जाता है और दल-बदल के कारण उनकी सदस्यता रद नहीं होती। उन्होंने इस खामी को दूर करने के लिए दसवीं अनुसूची में संशोधन करने पर जोर दिया।

प्रस्ताव का स्वागत : सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह उनके पहले मांग-पत्र के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के उस प्रस्ताव का स्वागत किया जाना चाहिए जिसमें किसी ऐसे सांसद या विधायक पर रोक लगाने की बात कही गई है जो एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुना जाता है और बाद में पैसे या दबाव में दूसरी पार्टी में शामिल हो जाता है। उन्होंने 10 साल के प्रतिबंध की मांग की है।

छिपाकर यूएई के रास्ते पहुंचा महाराष्ट्र

भारत ने जब्त किया पाक का 3,62,000 किलो बड़ा खजूर

नासिक के सीएफएस अंबड में सूखे खजूर के 13 कंटेनर जब्त किए

एजेंसी ▶▶ मुंबई



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पाकिस्तान से आयात पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद माल भेजने की कोशिशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत, राजस्व खुफिया निदेशालय ने पाकिस्तान का 362 मीट्रिक टन यानी 3,62,000 किलो से ज्यादा सूखा खजूर जब्त किया है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी है। राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर महाराष्ट्र के नासिक के सीएफएस अंबड में सूखे खजूर के 13 कंटेनर जब्त किए, जिन्हें मुंबई स्थित एक फर्म द्वारा आयात किया गया था। ये खेप संयुक्त अरब अमीरात के जेबेल अली से आई थीं और आयात दस्तावेजों में संयुक्त अरब अमीरात को मूल देश घोषित किया गया था।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद लगाया था पूर्ण प्रतिबंध

बताते चलें कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में पहलगाम आतंकी हमले के बाद डीजीएफटी अधिसूचना संख्या 06/2025-26 दिनांक 2 मई 2025 के माध्यम से, 2 मई 2025 से पाकिस्तान से उत्पन्न या निर्यात किए गए सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। इसके जवाब में, राजस्व खुफिया निदेशालय ने ₹ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट₹ के तहत, तीसरे देशों के माध्यम से भारत में आयात करने की कोशिश में पाकिस्तान से आने वाले वस्तुओं की लगातार पहचान, अवरोधन और जब्ती की है।

कंटेनरों में किया था सेट

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि खजूर के पाकिस्तान मूल को छिपाने के लिए सावधानीपूर्वक बनाई गई ट्रांसशिपमेंट व्यवस्था की गई थी। सूखे खजूर को शुरू में पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से संयुक्त अरब अमीरात के जेबेल अली बंदरगाह तक एक जहाज पर कंटेनरों के एक सेट में भेजा गया था। जेबेल अली में माल को केवल ट्रांसशिप किया गया था और कंटेनरों के दूसरे सेट में स्थानांतरित किया गया था और पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा चलाई जाने वाली संस्थाओं के माध्यम से भारत में आगे शिपमेंट के लिए एक अलग जहाज पर लोड किया गया था। इस बरामदगी से राजस्व खुफिया निदेशालय के उस मजबूत इरादों का पता चलता है जिसके अंतर्गत वो व्यापार प्रतिबंधों को गलत घोषणा, वस्तु की अदला-बदली और दस्तावेजों में हेरफेर के माध्यम से दरकिनार करने की कोशिश करने वाले परिष्कृत नेटवर्क की पहचान करने, उन्हें बाधित करने और नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा हो सके और सप्लाई चेन की अखंडता को मजबूत किया जा सके।

उज्जैन में पीएम के 'जन्मदिन' पर जलेंगे 25 लाख आशीर्वाद के दीए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उज्जैन में 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़ा दीपोत्सव कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के अवसर पर क्षिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक क्षेत्र में करीब 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसमें भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के शामिल होने की संभावना है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत



खंडेलवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को आमंत्रित किया गया है, जबकि उस समय डॉ. भागवत भी उज्जैन में रहेंगे। नबीन 17 सितंबर को मध्य प्रदेश आएंगे। नबीन के लिए मंदसौर, इंदौर और उज्जैन में तीन कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

'युवा धर्म संसद' में युवाओं को संबोधित करेंगे भागवत

संघ प्रमुख डॉ. भागवत 17 और 18 सितंबर को उज्जैन में रहेंगे। 17 सितंबर को वे महाकाल परिसर स्थित अरविंद नगर में उज्जैन महानगर के स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, कार्य विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की संभावना है। 18 सितंबर को सुबह 11 बजे वे देवास रोड स्थित गीता भवन में सेवाङ्ग संस्थानम् की 'युवा धर्म संसद' में युवाओं को संबोधित करेंगे। यहां राष्ट्र, समाज, संस्कृति और युवाओं की भूमिका पर संवाद की संभावना है। उनके 'आराधना भवन' जाने की भी चर्चा है।

ट्रंप ने जेलेंस्की को दिया अल्टीमेटम

रूसी रिफाइनरियों पर हमले रोकें, बढ़ रहा डीजल संकट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूस-यूक्रेन युद्ध का असर अब वैश्विक ईंधन बाजार पर साफ दिखने लगा है। अमेरिका में डीजल की कीमत पहली बार छह डॉलर प्रति गैलन के पार पहुंच गई है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने को कहा है। ट्रंप का कहना है कि रूसी तेल प्रतिष्ठानों पर यूक्रेन के लगातार हमले डीजल की आपूर्ति बाधित कर रहे हैं और दुनियाभर में ईंधन की कमी की समस्या को और बढ़ा रहे हैं। आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा के दौरान ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की को रूस में डीजल उत्पादन को नुकसान पहुंचाने वाले हमले बंद करने चाहिए। यूक्रेन भले ही अन्य लक्ष्यों पर हमला करे, लेकिन डीजल ईंधन ढांचे को निशाना न बनाए, क्योंकि इससे डीजल की कमी पैदा हो रही है।



21 लोगों की हुई मौत, 4 घायल

एजेंसी ▶▶ केपटाउन

साउथ अफ्रीका के एक मेन हाईवे पर दो मिनीबस टैक्सियों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक और तीसरी गाड़ी भी उनसे टकरा गई। गाड़ियों के टकराने के बाद कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी है। रोड ट्रैफिक मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन के हवाले से बताया कि रविवार रात वेस्टर्न केप प्रोविंस में यह हादसा प्रिंस अल्बर्ट और लीउ-गमका के छोटे शहरों के बीच हुआ। ये जगह केप टाउन से लगभग 380 किलोमीटर पूरब की ओर है। एजेंसी ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि वेस्टर्न केप में इमरजेंसी सर्विस और अधिकारियों मौके का जायजा लिया है।

- साउथ अफ्रीका में 3 गाड़ियों की टक्कर



विदेशी पत्रकारों ने भारतीय आतिथ्य और संस्कृति की भूरी-भूरी प्रशंसा की

अमेरिका से पाकिस्तान तक मीडिया ने माना-पश्चिम को चुनौती का मंच

विदेशी मीडिया में हो रही खूब चर्चा: वर्ल्ड ऑर्डर में बदलाव के रूप में देखा जा रहा ब्रिक्स समिट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भारत की मेजबानी और समूह की बढ़ती भूमिका को अलग-अलग नजरिए से देखा है। बीबीसी ने घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले के जिक्र को भारत की कूटनीतिक सफलता बताया।

वाशिंगटन पोस्ट ने भारत के लिए अमेरिका-यूरोप और रूस-ईरान के बीच संतुलन साधने की चुनौती पर जोर दिया। सीएनएन ने ब्रिक्स को पश्चिमी प्रभुत्व और अमेरिकी डॉलर के विकल्प के तौर पर उभरता मंच बताया।

मलेशियाई अखबार ने लिखा भारत बहुत तेजी से तरक्की कर रहा



फाइल फोटो

पश्चिम के दबदबे को चुनौती के रूप में देखा जा रहा, टैरिफ को लेकर भी एक दिखे देश

ईरान के तेहरान टाइम्स ने इसे अमेरिकी प्रतिबंधों से निपटने का अवसर माना। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर वैश्विक मीडिया की राय भले ही जुदा हो लेकिन कुल मिलाकर इसे पश्चिम के दबदबे को चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी मीडिया इस सम्मेलन को वैश्विक समीकरणों में बदलाव के तौर पर पेश कर रहा है। वैश्विक संघर्ष, अमेरिकी टैरिफ का दबाव और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच कई देश अब वाशिंगटन और बीजिंग के साथ अपने रिश्तों को नए सिरे से देख रहे हैं। वहीं वैश्विक पत्रकारों ने आतिथ्य सत्कार को सराहा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को कवर करने पहुंचे विदेशी पत्रकारों ने भारत की मेहमाननवाजी और संस्कृति की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। दुनिया के अलग-अलग कोनों से आए इन मीडियाकर्मियों का कहना है कि एक अरब से अधिक की आबादी वाले इस देश में होने के बावजूद उन्हें कभी यह अहसास नहीं हुआ कि वे अपने घर से दूर हैं।

बीबीसी: भारत की कूटनीतिक जीत

ब्रिटिश मीडिया बीबीसी ने लिखा है कि ब्रिक्स समूह वैश्विक राजनीति और कूटनीति में एक बहुत ही विरोधाभासों से भरा संगठन बन चुका है। इस घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की गई है। पहलगाम हमले का विशेष रूप से जिक्र किया गया है, जिसे भारत के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

वाशिंगटन पोस्ट: कठिन संतुलन की चुनौती

अमेरिकी अखबार ने वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि ब्रिक्स की मेजबानी करना भारत के लिए कठिन संतुलन जैसा है। एक तरफ भारत के अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ मजबूत रिश्ते हैं, तो दूसरी तरफ वह रूस- ईरान के साथ भी मंच साझा कर रहा है।

पोलैंड सीमा के पास गिरा ड्रोन

रूसी हमले में बाल-बाल बचे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन की पोलैंड सीमा के पास रूसी ड्रोन हमले में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और अन्य राजनयिक बाल-बाल बच गए।



जिस स्टेशन पर हमला हुआ वहां से मात्र 15 मिनिट पहले ही जॉनसन अपनी टीम के साथ निकले थे। हमले से महज 15 मिनट पहले ट्रेन खाली करने का आदेश दे दिया गया था। समय रहते सभी यात्री ट्रेन से बाहर निकाल लिए गए और इसके कुछ ही देर बाद रूसी ड्रोन ने ट्रेन को निशाना बना दिया। यानी जिस ट्रेन में कुछ समय पहले तक यात्रियों की आवाजाही थी, वह थोड़ी ही देर बाद हमले की चपेट में आ गई, और उतरने व हमले के बीच का यही 15 मिनट का फासला सबसे ज्यादा चर्चा में है।

यह हमला यूक्रेन-पोलैंड सीमा के पास हुआ, जो यूक्रेन और यूरोप के बीच अंतरराष्ट्रीय आवाजाही के लिहाज से अहम इलाका माना जाता है, जिससे सुरक्षा को लेकर सवाल भी उठे हैं।

खबर संक्षेप

आदिवासी विधवा से दुष्कर्म आरक्षक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



बिलासपुर। दुष्कर्म के आरोपी आरक्षक की अग्रिम जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि, पुलिस के पास राज्य की ओर से मिली संस्थागत शक्ति होती है। ऐसे में पीड़िता कई बार स्वतंत्र इच्छा से नहीं, बल्कि कानूनी कार्रवाई के भय के कारण भी सहमति दे सकती है, इसलिए आरोपी के बचाव में सहमति वाले तथ्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने आदिवासी विधवा से दुष्कर्म के आरोपी आरक्षक की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। मामला जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र का है। जहां पदस्थ आरक्षक रूद्रमणी यादव ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। आरोप है कि रुद्रमणि यादव साल 2023 में फेसबुक के जरिए विधवा से पहले दोस्ती की, जिसके बाद उससे बातचीत करने लगा। महिला ने उसके खिलाफ थाने में केस दर्ज कराई है, जिसमें उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। लगातार शारीरिक संबंध बनाने पर महिला गर्भवती हो गई, जिसके बाद आरक्षक ने उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद आरोपी आरक्षक ने उसे धमकी देने लगा। उसकी तस्वीरें रिश्तेदारों और परिचितों में वायरल कर दिया।

भालू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

महासमुंद। वन मंडल परिक्षेत्र महासमुंद के झलप के नजदीकी ग्राम कछारडीह में रविवार को एक अधेड़ भालू के हमले से घायल हो गया। घटना तब हुई जब कछारडीह निवासी दर्शन यादव (55) घर से 500 मीटर दूर जंगल की तरफ शौच के लिए गया हुआ था। इसी दौरान जंगली भालू ने हमला कर दिया जिससे उसके सिर, मुंह, नाक, कान को बुरी तरह से नोंचे जाने से काफी चोटें आई है।

पैसेंजर से जुड़ा विस्टाडोम कोच, जंगल और पहाड़ों का अदभुत नजारा देख सकेंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए किरन्दुल से विशाखापटनम चलने वाली पैसेंजर में अतिरिक्त विस्टाडोम कोच जोड़ा है। इस मार्ग में आने जाने वाले यात्रियों को अरकू घाटी के अलावा मार्ग में पड़ने वाले अद्भुत नजारे देखने को मिलेगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए साउथ कोस्ट रेलवे ने विशाखापट्टनम किरंदुल पैसेंजर में एक अतिरिक्त विस्टाडोम कोच जोड़ा है। अंचल में लगातार हो रही बारिश व मानसून के बीच इस मार्ग में यात्रा करने वाले यात्रियों को अरकू की वादियों के साथ ही पूरे मार्ग में जंगल व पहाड़ों से भरी अद्भूत नजारे देखने को मिलेगा। विशाखापट्टनम से किरंदुल तक चलने वाली पैसेंजर में अतिरिक्त विस्टाडोम की यह सुविधा रविवार से शुरू कर दी गई है जो एक दिन के अंतराल में 29 सितंबर तक चलेगी। वहीं किरंदुल से विशाखापट्टनम के लिए चलने वाली पैसेंजर में अतिरिक्त विस्टाडोम की सुविधा 14 सितम्बर से शुरू होकर एक दिन के अंतराल में 28 सितंबर तक चलेगी। जानकारी के मुताबिक जगदलपुर से विशाखापत्तनम के लिए सुबह 9:50 बजे छूटने का समय है, वहीं वापसी दूसरे दिन सुबह 7 बजे है।

अंचलवासियों को 29 सितम्बर तक मिलेगी सुविधा





कांच की छत व पारदर्शी खिड़कियों से देख सकेंगे नजारा

इस विशेष विस्टाडोम कोच में कांच की छत, बड़ी खिड़कियां, घूमने वाली सीटें सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। रेलवे ने इस विस्टाडोम का किराया 1300 रुपए रखा है। अरकू की वादियों का बारिश में अद्भुत नजारा देखने के लिए यात्रियों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है। बहरहाल विस्टाडोम कोच की सुविधा का लाभ लेने के लिए यह बेहतर समय है।

श्यामतराई व बोड़तरा के पास सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

अलग-अलग हादसों में चार की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार की रात्रि हाईस्पीड अज्ञात वाहनों की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय लालबगीचा निवासी राजा यादव पिता मनबोध उम्र 28 वर्ष गोलबाजार के पास स्थित प्रकाश ड्रेसेस में काम करता था। रविवार को युवक काम करने दुकान गया था। दिन भर काम करने के बाद रात्रि में दुकान से छूटने पर युवक गणेश की स्थापना में शामिल हो गया। रात्रि लगभग 2 बजे राजा अपने साथी धनेश निषाद के साथ मोटरसाइकिल से खाना खाने पुरूर की तरफ ढाबा जा रहे थे।

इसी दौरान ग्राम श्यामतराई से पहले स्थित एक टायर शो रूम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार राजा व धनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राजा को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल धनेश को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसी तरह दूसरी सड़क दुर्घटना ग्राम बोड़तरा के पास हुई है। गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम भूलनडबरी निवासी गुमान सिंग मंडावी पिता खेदूराम उम्र 30 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। रविवार की देर शाम गुमान गुरूर से मोटरसाइकिल चलाते हुए अपने घर ग्राम भूलनडबरी जा रहा था। इसी दौरान ग्राम बोड़तरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। वाहन की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए गुरूर अस्पताल पहुंचाया गया।





ट्रेन की चपेट में आने से युवक ने तोड़ा दम

डोंगरगढ़। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान के इंदिरा नगर निवासी राजू निर्मलकर के रूप में हुई है। पुलिस एवं आरपीएफ के अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया।

कंटेनर ने बाइक सवार को ठोंका, एक की मौत

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात शहर के रेवाडीह चौक नेशनल हाईवे में बाइक में सवारों को कन्टेनर वाहन ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात बाइक में सवार होकर तीन युवक पेंड्री से राजनांदगांव की ओर आ रहे थे। कुछ सामान भूल जाने से होटल राज इम्पीरियल रेवाडीह चौक में यूटर्न सही दिशा में जाने के लिए आपने वाहन को मोडा, जैसे ही रायपुर से नागपुर जाने वाले रोड में आया। इस दौरान ही हादसा हो गया।



दो घायल, भर्ती

इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही कन्टेनर वाहन के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक में सवार विक्रम राजपूत उम्र लगभग 38 वर्ष ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई और उसकी मौत हो गई। इस घटना में बाइक सवार दुर्गेश साव एवं रितुराज शर्मा को भी गंभीर चोंटे आई है, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नेशनल हाईवे में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

गणेश प्रतिमा ले जाने के दौरान गाली देने पर नशेड़ी ने चाकू मारकर की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश प्रतिमा ले जाने के दौरान गाली देने पर नशेड़ी ने पंडाल में युवक के सीने पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने पतासाजी कर आरोपी नशेड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम सम्बलपुरी निवासी आकाश सूर्यवंशी पिता अंशु सूर्यवंशी 22 साल गांव के युवकों के साथ डीजे की धुन में भव्य रूप से भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर गांव गए। वे गांव के पंडाल में प्रतिमा में रख रहे थे। इसी दौरान आकाश सूर्यवंशी का किसी बात को लेकर गांव के अमन सूर्यवंशी पिता प्रहलाद सूर्यवंशी 22 साल से विवाद हो गया। अमन सूर्यवंशी आदतन नशेड़ी है। वह नशे में था। आकाश सूर्यवंशी ने अमन को गाली दी तो उसने जेब से चाकू निकाला और उसके सीने पर ताबड़तोड़ हमला कर भाग गया।



घरवाले थे परेशान

आरोपी अमन सूर्यवंशी ड्रग एडिक्ट है। आए दिन नशे में वह घरवालों को परेशान करता है। कई बार वह नशे में अपने पिता के साथ मारपीट कर चुका है। उसकी हरकतों से घरवाले त्रस्त हो गए थे। घरवालों के साथ ही आरोपी नशे में गांव के लोगों के साथ भी विवाद करते रहता था।

गाली देने पर की हत्या

गणेश प्रतिमा ले जाने के दौरान पंडाल में गाली देने पर नशेड़ी ने चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उमेश साहू
सकरी टीआई

आरोपी नशेड़ी युवक गिरफ्तार

हत्या की खबर मिलते टीआई उमेश साहू, एएसआई सुरेन्द्र तिवारी, मनोज बघेल, सज्जू अली सहित अन्य घटनास्थल पहुंच गए। युवकों से पूछताछ करने के बाद पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में जुट गई। घर में दबिश देने पर वह नहीं मिला। पतासाजी के दौरान पुलिस ने सकरी में घूमते हुए आरोपी अमन सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है।

एकलव्य विद्यालय की प्राचार्य हटाई गई, प्रभारी को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



रूद्रारम स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में छात्राओं से कथित दुर्व्यवहार के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए प्राचार्य को हटा दिया है। बीजापुर कलेक्टर ने यह कार्रवाई की है। प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी गुलाब सिंह को सौंपी गई है। बताया गया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं सुचारू जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राचार्य को विद्यालय की जिम्मेदारियों से अलग किया गया है, ताकि जांच प्रक्रिया किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो और संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी पहलुओं की स्वतंत्र रूप से जांच की जा सके।

एसडीओपी के नेतृत्व में पुलिस टीम विद्यालय पहुंची और घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच की। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विद्यालय परिसर में आवश्यक जानकारी जुटाने के साथ-साथ मामले से जुड़े प्रत्येक एंगल को देखा जा रहा है। जांच के दौरान छात्राओं की सुरक्षा, विद्यालय की व्यवस्थाओं तथा मामले से जुड़े तथ्यों को प्राथमिकता में रखते हुए आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। सूत्रों से मिली जानकारी की मुताबिक फरार शिक्षक देवेंद्र दहिया को गिरफ्तार करने पुलिस टीम 1-2 दिन में हरियाणा रवाना होगी। उसके मोबाइल फोन के लोकेशन की पतासाजी की जा रही है।

मेडिकल स्टोर सील, संचालक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मेडिकल स्टोर में दवा बेचते और इंजेक्शन लगाने वाला निकला गैर डिग्री धारी,नियम उलंघन पाए जाने पर मेडिकल सील किया गया,संचालक को भेजा नोटिस।

- इलाज करने व इंजेक्शन लगाने का मामला

सरनाबहाल मेडिकल का वीडियो वायरल होने के बाद जांच में पहुंची थी खाद्य अपिषधीय प्रशासन की टिम।

मैनपुर ब्लॉक के सरना बहाल में संचालित धनेश्वर मेडिकल को आज औषधि निरीक्षक ने सील करने की कार्यवाही कर संचालक को कारण बताओ नोटिस भेजा है। दरअसल इस मेडिकल की एक वीडियो सोशल मिडिया में वायरल हुआ था। जिस्की खबर प्रकाशित किए जाने के बाद औषधि विभाग ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू किया।औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने मेडिकल पहुंच कर मामले की पड़ताल किया। निरक्षक ने बताया कि व्यक्ति मेडिकल स्टोर में काम करने वाला धोबलेश्वर यादव है।जिसने अपने कथन में दवा बेचना और मरीज को इंजेक्शन लगाना स्वीकार किया। जांच में मेडिकल एक्ट के नियम शर्तों का उल्लंघन पाया गया। मेडिकल के साथ अन्य दूसरी गतिविधियां संचालन पाया गया,जिसके आधार पर मेडिकल स्टोर को सील कर संचालक को शोकाज नोटिस दिया गया है।उनसे पूछा गया है कि मेडिकल के लिए नियुक्त फार्मासिस्ट के बजाए गैर डिग्री धारी से दवा क्यों दिलाई गई। मेडिकल से लगे स्थान पर क्लिनिक का संचालन क्यों किया जा रहा है। औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि नियंत्रक के निर्देश पर जांच की कार्यवाही की गई है। रिपोर्ट उच्च कार्यलय भेजी जाएगी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Required- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed, English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur 8226078877, 7987357145. (आरो-841)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवको की आवश्यक है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड,मोवा , थाने के सामने, रायपुर । मोबाइल : 9827109679. (आरो-285)

मार्केटिंग/सेल्स

आवश्यकता है- OBN मार्केटिंग को सेल्स एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है. फ्रैंचाईस लेकर पूरे भारत में कहीं से भी कार्य करें. 7000596044.(आरो-329)

हरिभूमि

आवश्यकता

Requirement- TARANG EDUCATION.10 post- 15,000 to 30,000 per month Qualification- 12th and Graduation phone number- 9767652798. (आरो-849)

टेक्नीशियन/हेल्पर

आवश्यकता है- हार्डवेयर नट बोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है योग्यता- पांचवी/ बारहवीं वेतन- 15000/- से योग्यतानुसार कार्य स्थान- बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने, रायपुर छत्तीसगढ़ कॉलिंग समय - सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मो- 9993244000. (आरो-4176)

ऑफिस स्टाफ

आवश्यकता है- न्यू कंपनी विस्तार हेतु आवश्यकता हैं:- लड़के एवं लड़कियों की सैलरी 12,000 से 15,000 हजार, पता:- सुंदर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क करें- 7722856852, 8962606852.(आरो-206)

सेल्स/मैनेजर

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में कार्य हेतु सेल्स वर्कर 5, फिल्ड वर्कर 3, सेल्स मैनेजर- 2, की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 8000 - 15000 मो - 6268279954.(आरो-1364)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- अकाउंटेंट चाहिए (3पद)जिसे जीएसटी एवं टेलिप्राइम का अनुभव हो राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क करें - 98261-38080 बायोडाटा भेजें (W), 78989-22204 , इंटरव्यू -21/9/26 शाम-4:00 बजे (आरो - 333)

फील्ड मैनेजर/ड्रायवर

आवश्यकता है- किराया भंडार में काम करने के लिए फील्ड मैनेजर-3 ,कॉमर्शियल ड्राइवर तीन पद वेतन योग्यतानुसार समय दोपहर 1 से 4 बजे तक। चावला किराया भंडार गुरुद्वारा के पास स्टेशन रोड दुर्ग। 8821801000 , 89594321252.(आरो - 335)

सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- Diploma /BTech civil (10 पद) अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं ADANI CEMENT ACC राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क - 98261-38080 बायोडाटा भेजें 78989-22204 (W) , 18/9/2026 इंटरव्यू, शाम-4:00 बजे (आरो - 332)



ड्रायवर/डिलीवरी/शॉप वर्क

आवश्यकता है- (1) ड्राइवर (ई रिक्शा/ लोडर) (2) वेजीटेबल डिलवरी स्टाफ (3) वेजीटेबल शॉप स्टाफ Timings- 8-AM To 6-PM, Age 18-40 yrs, वेतन+ Petrol. खुद के 2-व्हीलर और स्मार्ट फोन, Contact- शॉप नं-3, शास्त्री मार्केट, रायपुर 9039043916, 8319726147. (आरो-071)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- बालोद जिला हेतु (10 पद) सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए diploma civil, BTech civil, MBA sales/ marketing फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों उम्मीदवार आवेदन करें ADANI CEMENT ACC / राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क -98261-38080 बायोडाटा भेजें -78989-22204 (W), इंटरव्यू 18/9/2026 शाम-4:00 बजे (आरो - 334)

ऑपरेटर/सेल्समैन

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, अकाउंटेंट, बैटरी ऑटो ड्राइवर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। पता- श्रीट्रेडर्स, दुकान नं. 236-237, औषधि वाटिका मेडिकल कॉम्प्लेक्स, डूमरतराई, रायपुर बायोडाटा व्हाट्सएप करें- 9425219248, 8602412770. (आरो-41834)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ड्रायवर/डिलीवरी/शॉप वर्क

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 9630922589, 9893029618.(आरो-501)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4171)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिविल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 9350674841, 9350674841. (आरो-072)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

जमीन

जमीन बेचना है- जोरा मॉल के आगे धरमपूरा में 4056.52 वर्गफीट जमीन रोड़ टच, टाइटल क्लियर, तुरंत रजिस्ट्री, ब्रोकर एंव खरीददार संपर्क करें- 6262676856, 9926906005.(आरो-7357)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी शुल्क उतारने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी यात्रा-पर्यटन पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक कृपया जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही रुपए दें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

जैकेट के शेष

मुंगेली और बिलासपुर के छह ...

टैक्स संबंधी कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के मुताबिक जीएसटी की चोरी सिद्ध होने पर पूरे जुर्माने की राशि की वसूली कर ली गई है और यह राशि सरकारी खजाने में जमा भी करवा दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक राज्य भर में स्टेट जीएसटी और सेंट्रल जीएसटी विभाग द्वारा टैक्स चोरी, बोगस बिलिंग और ई-वे बिल में गड़बड़ी को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत जांच में बात सामने आई कि मुंगेली के कुछ होटलों और रेस्टोरेंट में टैक्स चोरी की जा रही है। इसमें कच्चे बिल काटकर कथित तौर पर टैक्स बचाने की शिकायतों के बाद विभाग ने कई प्रतिष्ठानों पर जांच और कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मुंगेली के बलानी चौक स्थित मोनिका ज्वेलर्स, पड़ाव चौक स्थित दिनेश ज्वेलर्स और धरमपुरा मेन रोड स्थित नुक्कड़ ढाबे में जांच की गई।

115 से अधिक बोगस डीलरों चिन्हित : इधर अधिकारियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य कर विभाग संदिग्ध फर्मों और ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ कड़े कदम उठा रहा है। हेवी ट्रांसपोर्ट कंपनियों और उनसे जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है। बिना वैध ई-वे बिल और फर्जी इनवॉइस के जरिए माल परिवहन करने वाले सिंडिकेट विभाग के निशाने पर हैं। जीएसटी विभाग ने तीन वित्तीय वर्षों के रिटर्न की जांच कर 115 से अधिक बोगस डीलरों और फर्जी शेल कंपनियों को चिन्हित कर उनके ठिकानों पर दबिश दी है। ये फर्में कागजों पर करोड़ों रुपयों का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट ट्रांसफर कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रही थीं। इन छापों के दौरान जीएसटी की टीमें व्यवसायियों के स्टॉक, कंप्यूटर डेटा, खरीद-बिक्री के बिल और ट्रांजैक्शन हिस्ट्री को जब्त कर वित्तीय अनियमितताओं की गहन जांच कर रही हैं।

कच्चे बिल से लेनदेन...

वहीं पड़ाव चौक स्थित वैष्णव मिष्ठान भंडार (बावा होटल) पर विभाग की कार्रवाई सबसे बड़ी बताई जा रही है। बावा होटल पर 60 लाख रुपए की जुर्माना और टैक्स संबंधी कार्रवाई की गई है। साथ ही टैक्स चोरी सिद्ध होने पर पूरे जुर्माने की राशि की वसूली कर ली गई है और यह राशि सरकारी खजाने में जमा भी करवा दी गई है। विभागीय अधिकारी ने यह भी बताया कि कच्चे बिल से जुड़े कुछ अन्य प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई की गई है।

छात्रा को खुदकुशी के लिए ...

कर रही थी। छात्रा कॉलेज से आने के बाद खाना खाकर सो रात में सोने के लिए अपने कमरे में गई थी। मृतिका के परिजन के अनुसार जब रात में वे उठे तो युवती कमरे में नहीं थी। कुछ देर बाद बड़ी बहन ने बाथरूम में झांककर देखा युवती फांसी पर झूल रही थी। युवती द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना 12 सितंबर को परिजन ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतिका के परिजन से पूछताछ में यह बात सामने आई कि ज्ञान तिवारी छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी उसे लम्बे समय से ब्लैकमेल कर रहा था और इसी से तंग आकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मुक्तिपारा निवासी 27 वर्षीय ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ ज्ञान तिवारी आ. रामेश्वर तिवारी को बीएनएस की धारा 108 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है।

पीएससी घोटाले में ओएसडी के खाते ...

कर रही है। वर्ष 2021 में आयोजित सीजीपीएससी परीक्षा में अभ्यर्थियों को चयन का भरोसा दिलाकर तीन करोड़ रुपए उगाही करने की ईडी जांच कर रही है। ईडी की जांच में सामने आया है कि उत्कर्ष चंद्राकर, अनिल चंद्राकर और डॉ. विकास चंद्राकर ने सीजीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा 2021 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से कथित तौर पर तीन करोड़ रुपए से अधिक की रकम जुटाई। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक परीक्षा के पहले अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र, चयन सुनिश्चित करने का भरोसा दिया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी रहे चेतन बोरघरिया द्वारा नाम और पद का कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने की बात जांच में सामने आई है।

मोबाइल से मिले साक्ष्य : कार्रवाई से पहले ईडी ने एक सितंबर को बोरघरिया के यहां छापे की कार्रवाई की थी। तलाशी के दौरान उनके यहां से मोबाइल फोन सहित कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। इनकी फोरेंसिक जांच में चेतन बोर्घरिया और उत्कर्ष चंद्राकर के बीच हुई बातचीत सामने आई। ईडी के अनुसार इन संवादों में वित्तीय लेनदेन के साथ रकम वापस करने और भुगतान की मांग से संबंधित बातचीत भी मिली है। एजेंसी ने डिजिटल साक्ष्यों को बैंकिंग लेनदेन और पीएमएलए के तहत दर्ज बयानों के साथ जोड़कर जांच आगे बढ़ाई है।

रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा,

एलएसी पर भारत का दबदबा, चीन ने पीछे हटाए सैनिक, जम्मू के हालात भी ठीक

सीमा पर भारत की 10 कॉम्बाइंड आर्म्स ब्रिगेड तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत-चीन सीमा पर तनाव के बीच रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में एलएसी को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी सीमाओं पर भारतीय सेना की मजबूत तैनाती और लगातार सैन्य दबाव के बाद चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने सैनिकों की संख्या में कमी की है। भारतीय सेना ने एलएसी पर 10 कॉम्बाइंड आर्म्स ब्रिगेड तैनात की हैं, जिनमें अलग-अलग सैन्य क्षमताओं को एक साथ इस्तेमाल किया जा सकता है।

गलवान के बाद पहली बड़ी द्विपक्षीय बातचीत

हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक भी हुई। यह गलवान हिंसा के बाद दोनों नेताओं की पहली औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता थी। बता दें कि भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर तनाव जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद काफी बढ़ गया था।

जम्मू-कश्मीर में भी स्थिति बेहतर

रिपोर्ट में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति का भी जिक्र किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक, **LoC** पर हालात काफी हद तक स्थिर हुए हैं। घाटी में हिंसा में कमी आई है और पत्थरबाजी की घटनाओं में भी गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षेत्र में लोगों का ध्यान अब विकास और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहा है।



ईडी की जांच में खुलासा

टीएमसी ने केयरवेल जेट के लिए खोला था खजाना, किया दोगुना पेमेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के केयरवेल जेट को हुए भुगतान को लेकर ईडी ने बड़ा खुलासा किया है। ईडी ने अपनी जांच में बताया है कि टीएमसी ने एविशन कंपनी को दूसरों के मुकाबले दोगुने पैसे दिए। एक समय तो ऐसा भी आया, जब लगभग तीन गुना तक भुगतना किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने जांच में खुलासा किया है कि तृणमूल कांग्रेस ने 'केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के विमान के लिए हर उड़ान प्रति घंटे जो किराया दिया है। वह दूसरे ग्राहकों से लिए जाने वाले औसत किराए से काफी ज्यादा है। यह जानकारी पार्टी के बैंक खातों और एविएशन कंपनी के साथ उसके लेन-देन की जांच से सामने आई है।

2026 में ज्यादा बढ़ गया अंतर

ईडी के एनालिसिस के मुताबिक यह अंतर खास तौर पर 2026 में बहुत ज्यादा हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि टीएमसी ने वीटी-कोल नाम के एयरक्राफ्ट के लिए प्रति फ्लाइंग आवर औसतन 28.04 लाख रुपये का भुगतान किया, जबकि उसी साल दूसरे क्लाइंट्स से केयरवेल की औसत कमाई लगभग 8.90 लाख रुपये प्रति घंटा थी, यानी तीन गुना से भी ज्यादा का अंतर।

दूसरे ग्राहकों के मुकाबले दोगुना भुगतान

ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि एयरक्राफ्ट के उड़ान रिकॉर्ड और रसीदों के एनालिसिस से पता चला है कि टीएमसी ने एम्ब्रेयर लिगेसी 600 के लिए प्रति उड़ान घंटा औसतन 16.56 लाख रुपये का भुगतान किया। जांच में सामने आया है कि केयरवेल को दूसरे क्लाइंट्स से प्रति घंटा औसतन 7.68 लाख रुपये मिले थे। टीएमसी ने जो भुगतान किया, वह दूसरे ग्राहकों के मुकाबले लगभग 2.15 गुना था।

पांच गाड़ियों को टक्कर मारकर होटल में घुसी बस, चूल्हे से लगी आग, 50 घायल

हैदराबाद। तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में एक भयानक सड़क हादसा हुआ है। यहां शमशाबाद में एक कंटेनर ट्रक बिजली के पोल से टकरा गया। इसके बाद एक दूसरी बस भी बिजली के पोल से टकरा गई। पोल को टक्कर मारते हुए बस चार कार और एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे बने एक होटल और पान की दुकान में जा घुसी। वहीं टक्कर की वजह से होटल के अंदर चूल्हा जलने की वजह से आग लग गई। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना करीब 50 लोग घायल हैं। फिलहाल सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। **चूल्हा जलने की वजह से लगी आग :** टक्कर के समय होटल के अंदर चूल्हा जल रहा था, जिससे अचानक आग लग गई। हालांकि, सतर्क स्थानीय लोगों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इस सीरियल एक्सीडेंट में बस ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि मारुति अर्टिगा के ड्राइवर को भी चोटें आईं।

पेज एक के शेष

तेजपाल ने अदालत में किया सरेंडर...

के बाद तेजपाल 10 साल की जेल की सजा भुगतने के लिए तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करें। न्यायमूर्ति आलोक अराधे की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की पीठ ने आत्मसमर्पण से छूट के अनुरोध वाली तेजपाल की याचिका खारिज कर दी थी। तेजपाल ने मापुसा स्थित अतिरिक्त सत्र अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया जिसके बाद उन्हें सजा काटने के लिए उत्तर गोवा के कोलवाले स्थित केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। जेल जाते समय तेजपाल ने कहा, हमने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। हमें भरोसा है कि न्याय मिलेगा। शीर्ष अदालत ने दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली तेजपाल की याचिका को 22 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था बशर्ते कि वह आत्मसमर्पण प्रमाणपत्र दाखिल कर दें। शीर्ष अदालत ने कहा, 'अगर आत्मसमर्पण प्रमाणपत्र 21 सितंबर, 2026 को या उससे पहले जमा किया जाता है, तो रजिस्ट्री आपराधिक अपील को 22 सितंबर, 2026 को नियमित अदालत के सामने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी।

सीएम ने वायरल वीडियो पर लिया संज्ञान...

एवं निर्माण एजेंसियों से समन्वय कर सड़कों को आवागमन योग्य बनाए रखना सुनिश्चित करें। **नियमित समीक्षा करें :** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय अथवा अन्य किसी एजेंसी से संबंधित सड़क हो, जिला प्रशासन संबंधित विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। कलेक्टर अपने जिले में अधिक यातायात दबाव वाली प्रमुख सड़कों और निर्माणाधीन मार्गों को चिन्हांकित कर उनकी स्थिति की नियमित समीक्षा करें। श्री साय ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु समाप्त होते ही निर्माणाधीन एवं स्वीकृत सड़क कार्यों में तेजी लाई जाए। निर्माण एजेंसियों के साथ कार्ययोजना बनाकर सड़क निर्माण एवं स्थायी मरम्मत के कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों के कारण लोगों को लंबे समय तक असुविधा न हो, इसके लिए निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

तीन दिन में शुगर जड़ से खत्म करने का दावा बरेली में फर्जी दवा बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

एजेंसी ▶▶| बरेली

बरेली में डायबिटीज मरीजों की परेशानी और बीमारी से जल्द राहत पाने की उम्मीद को ठगी का जरिया बनाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। बारादरी थाना पुलिस ने सैलानी इलाके में छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरोह बिना किसी वैध लाइसेंस के फर्जी आयुर्वेदिक कंपनी और वेबसाइट के जरिए दवाओं का ऑनलाइन कारोबार चला रहा था। सोशल मीडिया पर भ्रामक विज्ञापन देकर लोगों को सिर्फ तीन दिन में शुगर पूरी तरह ठीक करने का झांसा दिया जाता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह कथित तौर पर एक कॉल सेंटर भी संचालित कर रहा था। यहां से लोगों को फोन कर भ्रामक दावों के जरिए दवाएं बेचने का काम किया जाता था। आरोपियों के पास से डायबो डायबिटिक पाउडर और ब्रह्म शुगर केयर समेत कई उत्पाद बरामद किए गए हैं।

75 फर्जी दवाईयां बरामद

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साजिद मलिक, इस्लाम और मोहम्मद जफर के रूप में हुई है। इनके ठिकाने से 14 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप और चार्जर के अलावा 75 फर्जी दवाएं बरामद की गई हैं। पुलिस को नकली बिल और ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से जुड़ा डेटा भी मिला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे विज्ञापन चलाते थे, जिनमें डायबिटीज को कुछ ही दिनों में पूरी तरह ठीक करने के दावे किए जाते थे। विज्ञापन देखकर जब कोई व्यक्ति संपर्क करता था तो गिरोह के सदस्य फोन पर बातचीत कर दवा का ऑर्डर लेते थे।

CHHATTISGARH STATE POWER T RANSMISSION COMPANY LTD
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (HUMAN RESOURCE), RAIPUR
(दूरभाष): 0771-2574700FAX NO. (फैक्स): 0771-2574700Website
(वेबसाइट): https://cspc.co.inEmail (ईमेल): hr.csptcl@cspc.co.in
CIN: U40108CT2003SGC015820
GST No.: 22AADCC5773E1ZX

No. 01-01/HR-VIII/I/633790/2026 **CORRIGENDUM** Raipur, Date :14-09-2026

In partial modification to the recruitment notice no. 569990/2026 dtd. 07-08-2026 wherein Online applications were invited for various posts in Chhattisgarh State Power Distribution (CSPDCL), Transmission (CSPTCL) & Generation (CSPGCL) Company Limited, the following posts are revised as under :-

NAME OF POSTS/DISCIPLINE AND NUMBER OF VACANCIES:

Post/ Branch/ Post Code	Category-wise Details				
	UR	ST	SC	OBC	Total
CSPDCL					
ASSISTANT ENGINEER (T&D) (Pay-scale O-1 - 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)					
ELECTRICAL	43	1	4	14	62
ELECTRONICS, ETC*	1	3	0	0	4
CSPTCL					
ASSISTANT ENGINEER (T&D) (Pay-scale O-1 - 56,100 - 1,44,300)(Post Code-)					
ELECTRICAL	3	0	0	3	6

*Electronics & Telecommunication.

Note : (i) The number of remaining advertised posts in the recruitment notice no. 569990/2026 dtd. 07-08-2026 shall remain unchanged. (ii) The detailed advertisement regarding the terms and conditions related to the posts and method of online application for the examination, instructions regarding conduct of the examination shall be uploaded separately on our website "www.cspc.co.in" shortly.

संवाद

Chief Engineer (HR)
CSPTCL : Raipur

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LTD
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (HUMAN RESOURCE), RAIPUR
PHONE NO. (दूरभाष): 0771-2574700, 2574157, Website (H): https://cspc.co.in Email: hr.csptcl@cspc.co.in
CIN-U40108CT2003SGC015820
GST No. 22AADCC5773E1ZX

No. 01-01/HR-VIII/I/633791/2026 **CORRIGENDUM** Raipur, Date : 14/09/2026

In partial modification to the recruitment notice no. 569995/2026 dtd. 07-08-2026 wherein Online applications were invited for various posts in Chhattisgarh State Power Distribution (CSPDCL), Transmission (CSPTCL) & Generation (CSPGCL) Company Limited, the following posts are revised as under :-

NAME OF POSTS/DISCIPLINE AND NUMBER OF VACANCIES:

Post/ Branch/ Post Code	Category-wise Details				
	UR	ST	SC	OBC	Total
CSPGCL					
DATA ENTRY OPERATOR (Pay-scale S-4 – 19,800 – 62,600) (Post Code-)	19	43	16	17	95
FIRE ATTENDANT GR.II (Pay-scale S-1 – 14,800 – 33,000) (Post Code-)	10	19	7	9	45
CSPDCL					
JUNIOR ENGINEER (T&D) (Pay-scale S-8 – 35,400 – 1,12,400) (Post Code-)					
ELECTRICAL	61	36	13	14	124
ELECTRONICS, ETC*	1	6	0	0	7
DATA ENTRY OPERATOR (Pay-scale S-4 – 19,800 – 62,600)(Post Code-)	200	157	45	48	450

*Electronics & Telecommunication.

Note : (i) The number of remaining advertised posts in the recruitment notice no. 569995/2026 dtd. 07-08-2026 shall remain unchanged. (ii) The detailed advertisement regarding the terms and conditions related to the posts and method of online application for the examination, instructions regarding conduct of the examination Shall be uploaded separately on our website "www.cspc.co.in" shortly.

संवाद

Chief Engineer (HR)
CSPTCL : Raipur

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

केंद्र के निर्देश पर त्रिपुरा में लागू करेंगे यूसीसीः सीएम साहा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में कोई निर्देश जारी करती है तो राज्य इसे लागू करेगा। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 21 राज्यों में सरकारें 2029 से पहले समान नागरिक संहिता लागू करेंगी। अगले लोकसभा चुनाव उसी वर्ष होने हैं। साहा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने इस मामले के बारे में मीडिया में पढ़ा है। अगर केंद्र सरकार कोई निर्देश जारी करती है तो हम निश्चित रूप से यूसीसी लागू करेंगे। जहां तक मेरी जानकारी है, इसे राज्य के जनजातीय इलाकों में लागू नहीं किया जा सकता है।

फॉर्म नंबर 4 सूचना/प्रकाशन हेतु

न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़

द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, भारत संचार निगम लिमिटेड बिल्डिंग, प्रधान डाकघर के पास, सिविल लाइंस, जबलपुर म.प्र. 482001

(ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम 1993 (प्रकिया) की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत नियम 5 के उपनियम 2ए के साथ पढा जाए)

मूल आवेदन संख्या - 232/2025

बैंक ऑफ महाराष्ट्र _____आवेदक

विरूद्ध

मेसर्स नारायण ट्रेडर्स _____अनावेदकगण

प्रति, 1. मेसर्स श्री नारायण ट्रेडर्स थ्रू इट्स पार्टनरशिप फर्म श्रीमती सुधा अग्रवाल पत्नी श्री सुभाष अग्रवाल एण्ड सुभाष अग्रवाल पुत्र श्री गजानन्द अग्रवाल पता- म.नं. 8/562 दीनदयाल नगर गुधीयारी रायपुर छ.ग.

2. श्रीमती सुधा अग्रवाल पत्नी सुभाष अग्रवाल पता- एलआईजी 75 जनता कॉलोनी गुधीयारी रायपुर छ.ग.

3. सुभाष अग्रवाल पुत्र श्री गजानंद अग्रवाल पता- एलआईजी 75 जनता कॉलोनी गुधीयारी रायपुर छ.ग.

जबकि ओ.ए. संख्या 232/2025 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष दिनांक 19/05/2025 को सूचीबद्ध किया गया था।

जबकि माननीय न्यायाधिकरण को उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के तहत समन / सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। यह ओ. ए. आपके विरुद्ध मात्र 2,08,72,688.00/- रूपये की ऋण वसूली के लिये दायर किया गया है।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 4 के अनुसार, आप अनावेदकों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं कि -

1. समन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि मांगी गई राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिये।
2. मूल आवेदन के कमांक 3ए में निर्दिष्ट संम्पत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करें।
3. संपत्तियों की कुर्की के आवेदन की सुनवाई और निपटारे तक, आपको मूल आवेदन के कमांक 3ए में प्रकट की गई सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेनदेन करने या उनका निपटान करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
4. आप अधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के अलावा बिक्री पट्टे या किसी अन्य माध्यम से उन परिसंपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे जिन पर सुरक्षा हित सृजित है और / या मूल आवेदन के कमांक 3ए में निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों का हस्तांतरण नहीं करेंगे।
5. आप सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय राशि का हिसाब देने के लिये उत्तरदायी होंगे और ऐसी विक्रय राशि को उन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक में रखे गये खाते में जमा करेंगे।
6. आप आवेदक को दी गई आवेदन की प्रति सहित लिखित बयान दाखिल करने और 12/10/2026 को सुबह 10:30 बजे जबलपुर स्थित माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, अन्यथा आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जायेगा।

इस न्यायाधिकरण के हस्ताक्षर और मुहर के तहत दिनांक 02/09/2026 को जारी किया गया।

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर (म. प्र.)

शब्द पहेली - 6348



बाएँ से दाएँ
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस, अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

ऊपर से नीचे
1.नामकरण-5
2.टैक्स, हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

शब्द पहेली- 6347 का हल

सा	ल		ब	ला		य	म		श	र
या		क	ल		जो	श		जा	य	ज
	कै	द		श	र		का	न	न	
न	दी		खे	मा		का	त	ना		जा
म		जा	ल		का	य	र		ता	ल
	मा	न		र	म	ल		का	ला	
का	या		बी	न	बा		रा	म		सी
र		क	ह	र		शो	र		बा	धा
	की	च	इ		रा	ला		सी	त	
क	म	रा		ख	र		सी	ता		द
म	त		जी	त		मा	मा		दा	म

सूडोकु नवताल- 6358

मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6357 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

खबर संक्षेप

बैंक ऑफ बड़ौदा के नए ऐप से बोलकर भुगतान

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप में वॉयस कमांड सुविधा जोड़ी है, जिससे ग्राहक बोलकर भुगतान लेनदेन की शुरुआत करने के साथ उसे पूरा कर सकेंगे। बैंक ने बयान में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित 'बॉब वर्ल्ड 2.0' ऐप में व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन मॉड्यूल भी है।

एनएसई में हिस्सा बिक्री से ओरिएंटल इंश्योरेंस फायदे में

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी चालू वित्त वर्ष 2026-27 में मुनाफे में लौटने की राह पर है। कंपनी को यह बढ़त इस सप्ताह खुलने वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में अपनी हिस्सेदारी बेचने से मिलेगी।इसके अलावा, इससे कंपनी को नकदी भी मिलेगी।

ओडिशा का ओम्फेड जल्द ही आइसक्रीम पेश करेगा



भुवनेश्वर। ओडिशा के मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास मंत्री गोकुलानंद मलिक ने सोमवार को कहा कि ओम्फेड जल्द ही आइसक्रीम और बोतलबंद पानी की पेशकश करेगा। यहां पत्रकारों से बात करते हुए मलिक ने कहा कि ओडिशा राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (ओमफेड) के ब्रांड के तहत आइसक्रीम की पेशकश करने पर बातचीत चल रही है।

केईसी इंटरनेशनल को 1,303 करोड़ के ठेके मिले



नई दिल्ली। केईसी इंटरनेशनल को विभिन्न कारोबारों में 1,303 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी की ओर से सोमवार को पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) कारोबार को भारत, पश्चिम एशिया और अमेरिका में परियोजनाओं के ठेके मिले हैं। सऊदी अरब में 380 किलोवाट की पारेषण लाइन तथा अमेरिका में टावर, हार्डवेयर और पोल की आपूर्ति के ठेके शामिल हैं।

सोना 500 रुपए टूटा, चांदी स्थिर



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर में तेजी के बीच वैश्विक बाजारों में बिकवाली से सोने में गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

गणेश चतुर्थी पर शेयर व विदेशी मुद्रा बाजार रहा बंद

मुंबई। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शेयर और विदेशी मुद्रा बाजार सोमवार को बंद रहे। सराफा बाजार में जारी रहा कारोबार।

इन्फो एज ने हिमांशु को सीएफओ किया नियुक्त

नई दिल्ली। इन्फो एज (इंडिया) लिमिटेड ने सोमवार को शीर्ष स्तर पर बदलाव करते हुए हिमांशु अग्रवाल को मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया। कंपनी ने एडोब इंडिया के पूर्व प्रबंध निदेशक नरेश चंद्र गुप्ता को स्वतंत्र निदेशक भी नियुक्त किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अग्रवाल की नियुक्ति 17 सितंबर, 2026 से प्रभावी होगी। अंबरिश रघुवंशी ने नवंबर, 2025 में अंतरिम सीएफओ का पद संभाला था।

तांबे की कीमत बढ़ने से जल्द टीवी-फ्रिज, कार से लेकर कृषि तक होंगे सब महंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में तांबे (कॉपर) की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। तांबे का भाव 14,000 डॉलर प्रति टन के आंकड़े को पार कर गया है। वीकेंड पर इसके दाम 14,240 डॉलर प्रति टन पर बंद हुए।

- अमेरिका द्वारा तांबे पर भारी टैरिफ लगाने की आशंका से कीमतों में आया बड़ा उछाल

अमेरिका द्वारा तांबे पर भारी टैरिफ लगाने की आशंका के चलते कीमतों में ये बड़ा उछाल आया है। हालांकि अमेरिका अब अपने फैसले पर पुनर्विचार कर रहा है, लेकिन इसका असर भारतीय बाजार पर साफ दिखने लगा है। भारत के ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंस्ट्रक्शन, टेलीकॉम से लेकर कृषि सेक्टर तक पर भारी प्रभाव पड़ रहा है। उद्योग जगत अब इस सोच में है कि लागत का कितना हिस्सा वे खुद उठाएं, साथ ही कितना बोझ ग्राहकों पर डाला जाए।

तांबे का भाव वैश्विक बाजार में 14,000 डॉलर प्रति टन का आंकड़ा पार कर गया

कंपनियां मार्जिन में कटौती कर सकती है

डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी अब डर सताने लगा है। उनका मानना है कि कंपनियां लागत बढ़ने का हवाला देकर उनके मार्जिन में कटौती कर सकती हैं। ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ने इस बात पर चिंता जताई है कि उनका मार्जिन पहले से ही दबाव में है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ी परेशानी आम ग्राहकों के लिए ही खड़ी हो रही है। आने वाले त्योहारी सीजन में टीवी, फ्रिज, एसी या गाड़ी खरीदने पर आपको पहले से ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है।



खेती से लेकर कंस्ट्रक्शन तक हलचल

कृषि सेक्टर में भी तांबे की महंगाई का असर दिख रहा है। फलों को सड़ने से बचाने के लिए कॉपर सल्फेट का इस्तेमाल होता है। इसकी कीमत में भी भारी तेजी आई है। इससे किसानों की लागत काफी बढ़ जाएगी। कंस्ट्रक्शन सेक्टर में भी अप्रैल से सितंबर के बीच तांबे के दाम 12 प्रतिशत बढ़े हैं। ट्रांसफार्मर, मोटर, लिफ्ट जैसे उपकरणों की लागत लगातार बढ़ रही है। हालांकि कुछ कंपनियां राहत पाने के लिए तांबे की जगह एल्युमिनियम का इस्तेमाल कर रही हैं। सोलर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनियों ने अपने कई कंपोनेंट्स को तांबे से हटाकर एल्युमिनियम पर शिफ्ट कर दिया है।

इलेक्ट्रिक वाहनों पर पड़ेगा सबसे तगड़ा असर

तांबे की कीमतों में बढ़ोतरी का बड़ा असर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की लागत पर पड़ रहा है। एक सामान्य पेट्रोल-डीजल (आईसीई) कार में करीब 20 से 25 किलो तांबे का इस्तेमाल होता है, जबकि एक इलेक्ट्रिक कार में 80 से 85 किलो तांबा लगता है। वहीं एक इलेक्ट्रिक बस में तो 250 से 300 किलो तक तांबे की जरूरत होती है। इस वजह से एक पेट्रोल-डीजल कार की लागत में 5-10 हजार रुपए का इजाफा हो सकता है। वहीं एक इलेक्ट्रिक कार की कीमत 30-40 हजार रुपए से ज्यादा बढ़ सकती है।

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया

अगले 30 माह में हरित म्यूनिसिपल बांड से 10,000 करोड़ रुपए जुटाने की संभावना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के शहरी निकाय अगले 30 माह में हरित म्यूनिसिपल बांड के जरिये करीब 10,000 करोड़ रुपये जुटा सकते हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। इक्रा रेटिंग्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 से 2029-30 के दौरान शहरी बुनियादी ढांचे में 56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की जरूरत होगी।

इसमें से तीन लाख करोड़ रुपये तक वाणिज्यिक ऋण वित्तपोषण के जरिये जुटाए जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में म्यूनिसिपल और हरित बॉण्ड की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, /"हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 से 2029-30 के दौरान हरित म्यूनिसिपल बॉण्ड जारी करने की बुनियादी क्षमता 10,000 करोड़ रुपये है। निर्गम जारी करने वाले शहरी निकायों की तैयारी बेहतर होने पर इसमें और बढ़ोतरी की गुंजाइश है।

म्यूनिसिपल बांड से अब तक 6540 करोड़ राशि जुटाई गई

रिपोर्ट के मुताबिक, म्यूनिसिपल बॉण्ड के जरिये अबतक जुटाई गई 6,540 करोड़ रुपये की राशि में करीब एक-चौथाई हरित म्यूनिसिपल बॉण्ड के लिए पात्र है, जबकि एक अन्य चौथाई राशि में भी हरित बॉण्ड के रूप में वर्गीकृत किए जाने की संभावना है। इक्रा ने कहा कि इस वित्तपोषण साधन के विकास में आपूर्ति पक्ष से जुड़ी बाधाएं प्रमुख चुनौती बनी हुई हैं।

बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजना दायरे में आती है : हरित वित्त के लिए पात्र मानी जाने वाली परियोजनाओं की अनुपलब्धता से हरित म्यूनिसिपल बॉण्ड बाजार के विकास में मुख्य बाधा बनने की आशंका नहीं है।

नगर निकाय पूंजी बाजार तक पहुंच पाएंगे

पर्याप्त ऋण गुणवत्ता, उचित वित्तीय खुलासे, पुनर्भुगतान की स्पष्ट संभावना, परियोजनाओं की तैयारी और लेनदेन संबंधी तैयारी वाले नगर निकाय ही टिकाऊ तरीके से पूंजी बाजार तक पहुंच बना सकेंगे। उसने कहा कि व्यापक बुनियादी ढांचा जरूरतों के बावजूद बाजार में पहुंच की आवश्यक शर्तें निवेश-योग्य शहरी निकायों के दायरे को काफी सीमित कर सकती हैं।

हरित बांड में पांच गुना तक अभिदान मिला

रिपोर्ट में कहा गया कि हाल के निर्गम से ऐसे हरित बांड में निवेशकों की रुचि का पता चलता है। हाल के हरित बांड निर्गम में पांच गुना तक अभिदान मिला है। इक्रा ने कहा कि हरित बांड ने सरकारी प्रतिभूतियों की तुलना में 1.90 प्रतिशत अंक तक और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों की तुलना में 1.55 प्रतिशत अंक तक अधिक प्रतिफल की पेशकश की है।

खास बातें

- वित्त वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक 56 लाख करोड़ निवेश की जरूरत होगी
- इसमें तीन लाख करोड़ रुपए तक वाणिज्यिक वित्त पोषण से होगा
- ऐसी स्थिति में म्यूनिसिपल व हरित बांड की भूमिका महत्वपूर्ण होगी



हरित वित्त पोषण को लेकर निवेशकों की रूचि बढ़ रही

एजेंसी ने कहा कि ये रुझान नगरी निकायों के हरित वित्तपोषण को लेकर निवेशकों की रुचि बढ़ने का संकेत देते हैं। हालांकि, बाजार के विस्तार में पूंजी की उपलब्धता की तुलना में आपूर्ति पक्ष से जुड़ी बाधाएं अधिक महत्वपूर्ण अड़चन बनी हुई हैं। इक्रा ने कहा कि नीतिगत समर्थन और बाजार विकास से जुड़ी पहल धीरे-धीरे आपूर्ति पक्ष की इन बाधाओं को दूर करने में मदद कर रही हैं।

मोबाइल फोन विनिर्माताओं की जीएसटी में कटौती की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- सीतारमण को पत्र लिखकर जीएसटी में 13 फीसदी कटौती की मांग
- जीएसटी की मौजूदा दर 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने की मांग

मोबाइल फोन उद्योग के संगठन इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने घरेलू मांग में गिरावट के बीच सरकार से मोबाइल फोन पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर मौजूदा के 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की मांग की है।

संगठन ने कहा है कि मेमोरी चिप की बढ़ती कीमतों के कारण भी घरेलू मांग प्रभावित हो रही है। आईसीईए ने दो सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारत मात्रा के लिहाज से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माता बन गया है और वित्त वर्ष 2025-26 में मोबाइल फोन देश का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद रहा। मोबाइल फोन विनिर्माताओं के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ने कहा कि घरेलू मांग हालांकि विनिर्माण और निर्यात की गति के अनुरूप नहीं बढ़ी है। 'हैंडसेट' की खपत घटी है, फोन बदलने की अवधि बढ़ी है और किफायती 'स्मार्टफोन' खंड दबाव में है। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने पत्र में कहा, /"यह असंतुलन विनिर्माण वृद्धि के अगले चरण को प्रभावित करेगा, जब तक भारत अपने घरेलू बाजार में फिर से गति नहीं लाता। इसलिए आईसीईए सरकार से मोबाइल फोन पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने और मोबाइल फोन के कलपुर्जों पर भी दरों में इसी तरह युक्तिसंगत बदलाव करने का आग्रह करता है।/"

जीएसटी बढ़ाने से उपकरण की कीमत बढ़ गई

संगठन के अनुसार, हाल में पेश आईफोन 18 श्रृंखला और आईफोन ड्डओ अमेरिका की तुलना में भारत में करीब 40,000 रुपये से 1.15 लाख रुपये तक महंगे हैं। संगठन ने कहा कि अप्रैल, 2020 में मोबाइल फोन पर जीएसटी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत किए जाने से डिजिटल पहुंच के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रमुख उपकरण की कीमत बढ़ गई।

चीनी की खुदरा कीमत 60 रुपए प्रति किलोग्राम से नीचे पहुंची



- देशभर में चीनी की औसत कीमत में आई गिरावट
- त्योहार से जुड़ी मांग के कारण कुछ स्थानों पर दबाव बना हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार के कई उपायों के बाद सोमवार को देशभर में चीनी की औसत खुदरा कीमत लगातार चौथे दिन 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम रही। हालांकि, त्योहारों से जुड़ी मांग के कारण कुछ क्षेत्रों में कीमतों पर बढ़ने का दबाव बना हुआ है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीनी की औसत खुदरा कीमत सोमवार को 59.57 रुपये प्रति किलोग्राम रही, जो एक दिन पहले 58.99 रुपये प्रति किलोग्राम थी। शुक्रवार को चीनी की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे आ गई थी और पिछले तीन दिनों में इसमें और नरमी आई है। औसत खुदरा कीमत अब भी 58.23 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 21 अगस्त को यह कीमत इतनी थी, जब केंद्र ने पहली बार चीनी के आयात की अनुमति दी थी और मिठास देने वाली इस वस्तु की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए अन्य कदम उठाए थे। सोमवार को अधिकतम खुदरा कीमत 85 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही, जबकि न्यूनतम कीमत 40 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दक्षिणी राज्यों में आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में खुदरा कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई, जबकि तमिलनाडु और केरल में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

महाराष्ट्र में औसत कीमत 58.22 रुपए प्रति किलो

महाराष्ट्र में औसत खुदरा कीमत 59 रुपये से घटकर 58.22 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि उत्तर प्रदेश में यह 59.64 रुपये से घटकर 57.88 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अन्य राज्यों की बात करें तो मध्य प्रदेश में कीमतों में अधिक गिरावट दर्ज की गई। वहां चीनी की कीमत 62.36 रुपये से घटकर 56.57 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

आईटीसी उत्पादों पर 20 हजार करोड़ रुपए निवेश करेगी





बेंगलुरु। आईटीसी अपने प्रमुख खाद्य ब्रांड "आशीर्वाद" को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की तैयारी में है। कंपनी को उम्मीद है कि अगले पांच साल में आशीर्वाद के उत्पादों पर होने वाला उपभोक्ता खर्च मौजूदा के करीब 10,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। आईटीसी के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने बताया कि कंपनी आशीर्वाद के लिए दोहरी रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत एक ओर आटा कारोबार को और मजबूत किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर रेडी-टू-कुक, फ्रोजन फूड और अन्य संबंधित खाद्य श्रेणियों में विस्तार किया जाएगा। मई, 2002 में पूरी तरह गेहूं के आटा ब्रांड के रूप में शुरू हुआ आशीर्वाद आज देश के प्रमुख रसोई ब्रांड में शामिल है।

शेयर पुनर्खरीद पर विचार कर रही है इमामी, 17 को बैठक

- कंपनी रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी इमामी ने सोमवार को कहा कि पूरी तरह से चुकता इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीद पर विचार करने के लिए इस सप्ताह उसके निदेशक मंडल की बैठक होगी। कोलकाता मुख्यालय वाली इस कंपनी ने प्रस्तावित पुनर्खरीद के आकार या कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इमामी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, ''कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 17 सितंबर, 2026 को होनी है, जिसमें अन्य बातों के अलावा, कंपनी के पूरी तरह से चुकता इक्विटी शेयरों के पुनर्खरीद के प्रस्ताव और उससे जुड़े/संबंधित मामलों पर विचार किया जाएगा।''

शेयर ने उच्चतम स्तर 612.40 को छुआ था

कंपनी ने कहा कि 17 सितंबर को निदेशक मंडल की बैठक खत्म होने के बाद वह शेयर बाजारों को इसके नतीजों के बारे में जानकारी देगी। शुक्रवार को बीएसई में इमामी का शेयर 364.35 रुपये पर बंद हुए।

अमेजन की विमानन कंपनी '21 एयर' के साथ साझेदारी पर रोक

- पिछले सप्ताह मियामी हादसे के बाद अमेजन ने लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ मियामी

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने विमानन कंपनी 21 एयर के साथ अपनी साझेदारी निलंबित कर दी है। पिछले सप्ताह मियामी में अमेजन के पैकेज लेकर जा रहे एक मालवाहक विमान के रनवे से बाहर निकल जाने से हुए हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी।

बोइंग 767 विमान छह सितंबर को उतरते समय रनवे के अंत से करीब 1,300 फुट आगे निकल गया और सफाई कर्मचारियों को ले जा रही एक वैन से टकरा गया था। इस हादसे में वैन में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अमेजन की प्रवक्ता केली नैंटल ने कहा, /"इस दुखद घटना के बाद हमने जांच में सहयोग करने और उससे जुड़े हालात की समीक्षा करने में समय बिताया।



32 साल पुराना विमान यात्रियों को ले जा रहा था: उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, 32 साल पुराने बोइंग 767 विमान को मूल रूप से यात्रियों को ले जाने के लिए बनाया गया था। वर्ष 2015 में मालवाहक विमान में बदले जाने से पहले यह विदेशों की कई एयरलाइनों के लिए उड़ान भर चुका था।

बिजनेस साइट

कैरेटलेन ने गरियाहाट में खोला फ्लैगशिप स्टोर



कोलकाता। टाटा समूह की ज्वेलरी कंपनी कैरेटलेन ने कोलकाता के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र गरियाहाट में नया फ्लैगशिप स्टोर शुरू किया है। तीन मंजिला यह स्टोर आधुनिक ज्वेलरी डिजाइन के साथ कोलकाता की संस्कृति और स्थानीय पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्टोर की शुरुआत पारंपरिक 'कोल-ब्रेकिंग' रस्म के साथ हुई। कंपनी के अनुसार, यह स्टोर पूर्वी भारत में रिटेल विस्तार की रणनीति का अहम हिस्सा है। कैरेटलेन के देशभर में 388 से अधिक स्टोर हैं, जिनमें पूर्वी क्षेत्र के 69 स्टोर शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के 11 शहरों में कंपनी के 31 स्टोर संचालित हैं, जिन्हें बढ़ाकर 35 करने की योजना है। कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौमेन भौमिक ने कहा कि कोलकाता कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। गरियाहाट स्टोर को शहर की संस्कृति और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप तैयार किया गया है। कंपनी ने हाल में 'काशिका', 'पोल्की', 'शाया डायमंड्स' और 9-कैरेट गोल्ड ज्वेलरी कलेक्शन पेश किए हैं। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में ब्रांड ने 42% वृद्धि दर्ज की। आने वाले महीनों में पूर्वी क्षेत्र में 5-7 नए स्टोर खोलने की योजना है।

रायपुर में 'स्टाइलिया-बाय राहुल फर्नीचर' का भव्य शुभारंभ



रायपुर। राजधानी रायपुर में फर्नीचर और इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में नई पहल के रूप में 'स्टाइलिया-बाय राहुल फर्नीचर' शोरूम का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। वी-स्क्वायर सिग्नल, अंबुजा मॉल के पास विधानसभा रोड स्थित शोरूम का उद्घाटन नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने किया। इस अवसर पर सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, वनिका शर्मा और पुरंदर मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। शोरूम में प्रीमियम होम एवं ऑफिस फर्नीचर के साथ संपूर्ण इंटीरियर सॉल्यूशन, होम डेकोर, कस्टमाइज्ड डिजाइन और फर्निशिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। संस्थान के संचालक राहुल केशरवानी और केशव अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों को आधुनिक डिजाइन, बेहतर गुणवत्ता और उनकी जरूरतों के अनुरूप व्यक्तिगत समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टाइलिया का उद्देश्य घर और कार्यालयों को आकर्षक, आरामदायक और आधुनिक स्वरूप देने के साथ फर्नीचर व इंटीरियर से जुड़ी जरूरतों के लिए ग्राहकों को एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध कराना है। शुभारंभ समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी और ग्राहक भी शामिल हुए।

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर में 0.25 फीसदी बढ़ सकती है रेपो दर

महंगे लोन के लिए रहे तैयार, आरबीआई बढ़ा सकता है दर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोन लेने वालों के लिए आने वाले महीने मुश्किल के हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अक्टूबर में रेपो रेट बढ़ाने की तैयारी कर सकता है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अक्टूबर की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी की जानी चाहिए। इसके बाद दिसंबर में भी इतनी ही बढ़ोतरी की जरूरत पड़ सकती है। अगर ऐसा होता है तो होम लोन, कार लोन और दूसरे फ्लोटिंग रेट वाले कर्ज की ब्याज दर और ईएमआई बढ़ सकती है। हालांकि, ब्याज दर बढ़ने का दूसरा पहलू जमाकर्ताओं के लिए अच्छी खबर लेकर आ सकता है।

- इस बढ़ोतरी के बाद दिसंबर में भी इतनी की रेपो दर में वृद्धि की जरूरत पड़ सकती है

50 लाख के होम लोन पर कितना असर

मान लीजिए आपने 50 लाख रुपए का होम लोन 20 साल के लिए 8.25 फीसदी की फ्लोटिंग ब्याज दर पर लिया है। इस दर पर आपकी ईएमआई करीब 42,603 रुपए होगी। अगर आरबीआई की दरों में कुल 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी होती है और बैंक इसका पूरा असर ग्राहकों पर डाल देता है, तो ब्याज दर 8.75 फीसदी हो सकती है। ऐसे में लोन की ईएमआई करीब 44,186 रुपए हो जाएगी। यानी हर महीने करीब 1,583 रुपए ज्यादा देने पड़ सकते हैं।



रेपो रेट बढ़ने का कारण

एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमत में तेज बढ़ोतरी और दुनिया में बने भू-राजनीतिक तनाव से महंगाई का दबाव बढ़ रहा है। कच्चे तेल की कीमत हाल में 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। रिपोर्ट के एक अनुमान के मुताबिक, अगले 15 दिनों में कीमत 123 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। हालांकि, यह खराब स्थिति का अनुमान है, सामान्य स्थिति का नहीं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महंगाई का दबाव अब कुछ चुनिंदा चीजों तक सीमित नहीं है।

एफडी वालों के लिए अच्छी खबर

रेपो रेट बढ़ने का फायदा एफडी कराने वालों को भी मिल सकता है। आमतौर पर बैंक अपनी जमा दरों में बदलाव करते हैं, इसलिए रेपो रेट बढ़ने पर एफडी की ब्याज दरें भी ऊपर जा सकती हैं। कोरोना के दौरान आरबीआई ने रेपो रेट घटाकर 4 फीसदी तक किया था, जिसके बाद एफडी की दरें भी नीचे आई थीं। बाद में महंगाई बढ़ने पर रेपो रेट बढ़ाया गया तो एफडी पर मिलने वाला ब्याज भी बढ़ा। इसलिए अगर अगले कुछ महीनों में रेपो रेट बढ़ता है, तो एफडी निवेशकों के पास ज्यादा ब्याज वाली एफडी में पैसा लॉक करने का मौका हो सकता है।

ज़्वेरेव ने फाइनल में शेल्टन को हराया

ज्वेरेव ने जीता यूएस ओपन का खिताब

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने मौजूदा वर्ष में अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब जीता। ज़्वेरेव ने फाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन को 6-3, 7-6 (2), 5-7, 6-2 से हराया। इस तरह से अमेरिकी पुरुष खिलाड़ियों का ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का लंबा इंतजार जारी है। अमेरिका का कोई भी पुरुष खिलाड़ी 2003 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एकल का खिताब नहीं जीत पाया है। जर्मनी के ज़्वेरेव का यह इस साल का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इससे पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था।



शेल्टन नहीं उठा पाए दर्शकों के समर्थन का फायदा

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय खिलाड़ी के रूप में खेल रहे ज़्वेरेव ने शेल्टन की खराब शुरुआत का पूरा फायदा उठाया तथा दूसरे सेट के टाईब्रेकर में अपनी सर्विस पर किसी भी तरह की गलती नहीं की। शेल्टन को दर्शकों का अपार समर्थन मिल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए।

शेल्टन के खेल से दर्शक हुए निराश

मैच से पहले जब शेल्टन जब कोर्ट पर पहुंचे तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया लेकिन दर्शक जल्द ही निराश हो गए क्योंकि पहले सर्व करते हुए उन्होंने शुरुआती दो अंक गंवा दिए और फिर डबल फॉल्ट करके गेम ज़्वेरेव के नाम कर दिया। ज़्वेरेव ने इसके बाद भी इस सेट में अपनी बढ़त बरकरार रखी। उन्होंने दूसरा सेट टाईब्रेकर में जीता। शेल्टन ने तीसरा सेट जीतकर दर्शकों की कुछ उम्मीदें बढ़ाई लेकिन उनकी यह खुशी क्षणिक ही रही क्योंकि ज़्वेरेव ने चौथा सेट जीतकर मैच और खिताब अपने नाम कर दिया।



55 लाख डॉलर की इनामी राशि मिली

इस साल ग्रैंड स्लैम मैचों में ज़्वेरेव का रिकॉर्ड 25-2 हो गया है। उन्हें यहां खिताब जीतने पर 55 लाख डॉलर की इनामी राशि मिली, जो ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में सर्वाधिक है। महिला चैंपियन एलेना रायबाकिना को भी इतनी ही पुरस्कार राशि मिली। ज़्वेरेव इससे पहले 2020 में अमेरिकी ओपन जीतने के करीब पहुंच गए थे। उन्होंने तब डोमिनिक थिएम के खिलाफ पहले दो सेट जीते। इसके बाद वह एक समय जीत से सिर्फ दो अंक दूर रह गए थे लेकिन फिर वह 1949 के बाद फाइनल में दो सेट की बढ़त गंवाकर हारने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए।



डब्ल्यूटीए रैंकिंग

टेनिस की नई क्वीन बनीं रायबाकिना



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोमवार को जारी साप्ताहिक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बेलारूस की एरीना सबालेंका से आगे निकलने के बाद एलेना रायबाकिना आधिकारिक तौर पर विश्व की नई नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। हाल ही में खत्म हुए यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में किनवेन झेंग को हराने के बाद ही रायबाकिना का टॉप स्पॉट पक्का हो गया था। कजाकिस्तान की स्टार खिलाड़ी ने फाइनल में सबालेंका को हराकर इस टूर्नामेंट का समापन किया। रिबाकिना सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 1 बनने वाली कजाकिस्तान की पहली (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गई हैं।

सबालेंका से छीना ताज

पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन के कारण वह सबालेंका के काफी करीब बनी रहीं, जबकि बेलारूसी टेनिस स्टार का फॉर्म सीजन के बीच में थोड़ा गिर गया था। जहां सीजन के बीच में सबालेंका की लय बिगड़ी, वहीं रिबाकिना पिछले साल के आखिर से ही टॉप पर पहुंचने की ओर बढ़ रही थीं। उन्होंने इस साल सीजन के बीच में नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट स्विंग पर शानदार प्रदर्शन किया और उसके बाद 'बिग एप्पल' (न्यूयॉर्क) में भी सफलता हासिल की। नंबर 1 पोजीशन पक्का होने पर रिबाकिना ने प्रतिक्रिया दी थी।

यह इतिहास है : रायबाकिना

रायबाकिना ने कहा, यह इतिहास है, और मुझे कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं प्रोफेशनल बनूंगी या इतने बड़े मंचों पर इस तरह के टूर्नामेंट खेलूंगी।

जोकोविच 7 पायदान नीचे खिसके



यूएस ओपन के पहले ही राउंड में नोवाक जोकोविच को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में वह 'टॉप 10 से बाहर होकर 12वें स्थान पर खिसक गए। जोकोविच को पहले ही राउंड में अर्जेंटीना के मारियानो नावोन के हाथों शिकस्त मिली थी। अक्टूबर 2002 के बाद ऐसा पहली बार है, जब 'बिग थ्री' (जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर) में से कोई भी एटीपी रैंकिंग के 'टॉप-10' में शामिल नहीं है। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता फेडरर ने साल 2022 में संन्यास लिया था, जबकि 22 बार के मेजर विजेता नडाल ने 2024 में खेल को अलविदा कह दिया था। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच 39 साल की उम्र में भी खेल रहे हैं और उन्हें अपने 25वें मेजर खिताब की उम्मीद है, जिससे वे मार्गरेट कोर्ट के 24 खिताबों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे।

2007 में टॉप 10 में शामिल हुए थे जोकोविच

जोकोविच साल 2007 में टॉप 10 में शामिल हुए थे। सर्बिया के इस महान खिलाड़ी ने रिकॉर्ड 428 हफ्तों तक 'वर्ल्ड नंबर 1' का स्थान हासिल किया है। यूएस ओपन 2026 में जोकोविच का पहले ही राउंड में बाहर होना, साल 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से ऐसा पहली बार हुआ है और यूएस ओपन के शुरुआती मैच में उनकी यह पहली हार थी।

खबर संक्षेप



टी20 सीरीज से बाहर हुए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज से बाहर हो गए और इस चोट के चलते आगामी एशियाई खेलों में उनके खेलने पर भी संशय पैदा हो गया है। चक्रवर्ती हाल में पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की चोट से उबरे थे, जो उन्हें जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी थी। उन्होंने रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में एक विकेट लिया था।

26 सितंबर से एनएससीआई ओपन पूल टूर्नामेंट

नई दिल्ली। दिल्ली बिलियड्र्स एवं स्नूकर संघ (डीबीएसए) भारतीय राष्ट्रीय खेल क्लब (एनएससीआई) के सहयोग से 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक एनएससीआई क्लब में एनएससीआई ओपन 8 बॉल पूल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। इस प्रतिष्ठित क्यू खेल प्रतियोगिता में पूर्व विश्व बिलियड्र्स चैंपियन सौरव कोठारी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि पांच लाख रुपए है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में 8 बॉल के राष्ट्रीय चैंपियन संदीप गुलाटी और कमल चावला जैसे शीर्ष पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। महिला वर्ग में विद्या पिल्लै और पूर्व राष्ट्रीय 8 बॉल चैंपियन चित्रा मागिमैराज समेत कई दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगी।

शेर-ए-पंजाब टी20 लीग की चैंपियन बनी अमृतसर



मोहाली। अमृतसर सूरमाज ने लुधियाना लायंस को 8 विकेट से हराकर शेर-ए-पंजाब टी20 लीग का खिताब जीता। अमृतसर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ने करते हुए लुधियाना लायंस को 20 ओवरों में 142 रन ही बनाने दिए। लुधियाना का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 86 रन था। अमृतसर की तरफ से मयंक मार्कंडे ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमृतसर ने जशनप्रीत सिंह का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन नमन धीर और सहज धवन ने जल्दी ही पारी को संभाल दिया।

सीरीज जीत के करीब टीम इंडिया, पांचवें गेंदबाज की कमी बनी सिरदर्द

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले दूसरे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी और इस दौरान पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान भी निकालना चाहेगी। हार्दिक पंड्या के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में पांचवें विश्वसनीय गेंदबाजी विकल्प की कमी महसूस हो रही है। विश्व कप विजेता भारत ने रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शानदार वापसी की।



आज शाम 7.30 बजे से दूसरा टी20

टीम इंडिया में पांचवें गेंदबाज की समस्या

भारत को इस महीने के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान करना होगा। अय्यर को उस स्थान की भरपाई करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि ऑलराउंडर शिवम दुबे और नीतीश कुमार रेड्डी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। रेड्डी के दो ओवरों में 30 रन लुटाए जबकि आखिरी ओवर में गेंद संभालने वाले दुबे ने 21 रन दिए। अभिषेक ने भी एक ओवर किया। इस तरह तीनों ने मिलकर अपने चार ओवरों में 59 रन लुटाए। अर्शदीप, बुमराह, अक्षर पटेल और चक्रवर्ती के अच्छे प्रदर्शन से भारत को पांचवें गेंदबाजी के विकल्पों का खराब प्रदर्शन भारी नहीं पड़ा लेकिन भविष्य में टीम को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

एशिया कप

खिताबी जीत के बाद क्रांति पर आईसीसी ने ठोका जुर्माना



एजेंसी ▸▸ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत की महिला टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ पर श्रीलंका के खिलाफ यहां खेले गए टी20 एशिया कप फाइनल के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट अंक दिया।

भारत ने रविवार को एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराकर यहां आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। इस मुकाबले के दौरान क्रांति को आचार संहिता के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

नियम 2.5 का उल्लंघन

आईसीसी ने कहा, ''क्रांति ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.5 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच में किसी बल्लेबाज को आउट करने के बाद ऐसी भाषा, कार्रवाई या इशारे का इस्तेमाल करने से संबंधित है, जो बल्लेबाज को अपमानित करे या उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकता हो।'

मैदानी अंपायर ने लगाया था आरोप

आईसीसी ने कहा, 'मैदानी अंपायर सलीमा इम्तियाज और शथिरा जाकिर जेसी, तीसरी अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथी अंपायर हुमैरा फराह ने आरोप लगाए।' उन्होंने कहा, 'लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक है।'

अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में डिमेरिट अंक जोड़ा

आईसीसी ने कहा, 'इसके अलावा क्रांति के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है।''दाएं हाथ की तेज गेंदबाज क्रांति ने फाइनल के दौरान श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज इमेशा दुलानी को आउट करने के बाद पवेलियन की ओर इशारा किया था। क्रांति ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी सुप्रिया रानी दास के प्रस्तावित सजा को स्वीकार किया।

एशिया कप ट्रॉफी विवाद

मौजूदा परिस्थितियों में लिया गया फ़ैसला : सैकिया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम का एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी नहीं लेना बोर्ड का मौजूदा परिस्थितियों और भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया 'सोचा समझा संस्थागत' फैसला है। सैकिया ने कहा, 'हमने सभी मौजूदा पहलुओं पर विचार करते हुए सोच समझ कर यह फैसला लिया था। हमने पहले ही एसीसी को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया था कि इन परिस्थितियों में भारतीय टीम पुरस्कार वितरण समारोह में भाग नहीं लेगी।' उन्होंने कहा, 'देश में व्याप्त परिस्थितियों और भावनाओं पर गौर करते हुए बीसीसीआई को लगा कि टीम के लिए प्रस्तावित तरीके से ट्रॉफी प्राप्त करना उचित नहीं होगा।' सैकिया ने कहा, 'यह एक दृढ़ संस्थागत निर्णय था, जो हमारे रुख को दर्शाता है। इसका मकसद खिलाड़ियों, टूर्नामेंट या खेल पर सवाल उठाना नहीं था।' पिछले साल अप्रैल में हुए आतंकी हमले के बाद मई में दोनों देशों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव भी हुआ था।



पाकिस्तान की पूरी टीम फंसी, टेस्ट चैंपियनशिप के 11 अंक कटे

धीमी ओवर गति के लिए पाक पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान पर बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए सोमवार को मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया और उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 11 अंक काट दिए।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किए 11 ओवर कम

आईसीसी ने कहा कि मेजबान इंग्लैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से हारने वाले पाकिस्तान ने निर्धारित समय के अंदर 11 ओवर कम किए थे। पाकिस्तान ने लीड्स में खेला गया सीरीज का पहला मैच पारी और 103 रन से, लॉर्ड्स में खेला गया दूसरा टेस्ट 194 रन से और एजबेस्टन में खेला गया तीसरा टेस्ट आठ विकेट से गंवाया था। आईसीसी ने कहा, 'बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए पाकिस्तान पर दो तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं।' यह प्रतिबंध आईसीसी मैच रेफरी रंजन मदुगले, मैदानी अंपायर पॉल रिफ़ेल और क्रिस गैफ़नी, तीसरे अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर रसेल वॉरेन ने लगाए।



सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के चयन ट्रायल्स में काजल, नीलम और सिमरन जीतीं

नीशू का दमदार प्रदर्शन, फाइनल में पंघाल से भिड़ंत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रतिभाशाली पहलवान नीशू ने सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में जीत हासिल कर एशियाई खेलों के लिए चुनी गई अंतिम पंघाल के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय किया। नीशू ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में बेहद कड़े मुकाबले में थिश्का को हराकर 53 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज की। नीशू और अंतिम पंघाल के बीच होने वाला फाइनल ट्रायल यह तय करेगा कि 24 अक्टूबर से एक नवंबर तक कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 53 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेगा।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की चयन नीति के तहत ट्रायल में जीतने वाले पहलवानों को एशियाई खेलों के लिए चुने गए पहलवानों को सीनियर विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए अंतिम ट्रायल में चुनौती देने का मौका मिलेगा। यह अंतिम ट्रायल बाद में आयोजित किया जाएगा।



चार गैर-ओलंपिक भार वर्गों के ट्रायल भी बाद में आयोजित किए जाएंगे।

काजल का शानदार प्रदर्शन जारी

दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में शिक्षा को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। सिमरन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए स्वाति शिंदे को कड़े मुकाबले में हराकर 57 किग्रा वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में नीलम ने अंकुश को हराकर पहला स्थान हासिल किया।

सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में बिपाशा को दी मात

अन्य भार वर्गों में तपस्या ने 62 किग्रा वर्ग में अंजलि को हराकर जीत दर्ज की जबकि सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में बिपाशा को मात दी। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'आज हुए मुकाबलों का स्तर और इनमें हुई प्रतिस्पर्धा उत्साहजनक रही। पहलवानों ने जबरदस्त दृढ़ संकल्प के साथ मुकाबला किया और दिखाया कि विभिन्न भार वर्गों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

No More जोर
पेट सफा लो
हर रोज...
तो आज ही ले आइए
पेट सफा आयुर्वेदिक
ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स
जिसे सेवन करना है बिल्कुल
आसान, परिणाम हैं पहले
दिन से और इसकी आदत
भी नहीं बनती।
Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
Granules & Tablets
कब्ज़ • गैस
एसिडिटी
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa
20% EXTRA
TABLETS

इंसानों के बाद सबसे समझदार

भारत में मिले ओरांगुटान का इंडोनेशिया कनेक्शन



जकार्ता। ओडिशा प्रांत में जंगलों में ओरांगुटान के 5 बच्चे मिलने के बाद इस वनमानुष प्रजाति को लेकर भारत में चर्चा जोरों पर है। वन्य जीव एक्सपर्ट इन नन्हें ओरांगुटान के भारत पहुंचने के पीछे अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के होने की आशंका जता रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि कपियों की यह प्रजाति इंडोनेशिया और मलेशिया के जंगलों में पाई जाती है। इस बीच इंडोनेशिया ने भारत से इन नन्हें ओरांगुटान को वापस करने की मांग की है। ऐसे में आइए जंगल में पाए जाने वाले इस जीव के बारे में जानते हैं, जिसे इंसान के बाद सबसे बुद्धिमान प्रजातियों में माना जाता है।

कनाडा की प्राइमेटोलॉजिस्ट और एंथ्रोपोलॉजिस्ट बिरुटे मैरी गैल्डिकास ने अपनी जिंदगी के कई दशक इंडोनेशिया के जंगलों में इस जीव को जानने के लिए लगा दिए। गैल्डिकास के काम ने इस जीव के बारे में दुनिया को बड़ी जानकारी मुहैया कराई। साल 1971 में गैल्डिकॉस अपने पति रॉड ब्रिंडामोर के साथ इंडोनेशिया के बोर्नियो आइलैंड पर पहुंची।

आसानी से नजर नहीं आता ओरांगुटान

गैल्डिकास इंडोनेशिया में ओरांगुटान पर स्टडी करने आई थीं। एक ऐसा वन्यजीव, जिसे उस समय बहुत सब्जेक्ट माना जाता था। यह बड़े वानर आसानी से दिखाई नहीं देते थे, सावधान रहते थे और ज्यादातर घने, दलदली जंगलों में रहते थे। उनसे कहा गया था कि जंगल में ओरांगुटान पर स्टडी नहीं की जा सकती, लेकिन उन्होंने जो किया वो मिसाल बन गया। बोर्नियो के तंजुंग पुटिंग रिजर्व नेशनल पार्क पहुंचकर गैल्डिकास ने जंगल में ओरांगुटान की इकोलॉजी और व्यवहार को देखना शुरू किया। गैल्डिकास की रिसर्च से इस वनमानुष प्रजाति के बारे में कई नई बातें पता चलीं। इसमें सबसे अहम ओरांगुटान के बच्चों के जन्म की बीच असामान्य रूप से लंबे अंतर के बारे में पता चला। तंजुंग पुटिंग में यह समय औसतन 7.7 साल का होता है। उन्होंने पता लगाया कि ओरांगुटान जंगल में 400 अलग-अलग तरह की चीजें खाते हैं।

भारत के पड़ोसी मुल्क चीन के हाथ एक ऐसा खजाना लग गया है, जिसकी चमक ने सबको हैरान कर दिया है। चीन के वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर की गहराइयों में एक ऐसे विशाल खनिज भंडार की तलाश कर ली है, जिसके अंदर छिपा सोना और चांदी जमीन पर मिलने वाली खदानों को भी पीछे छोड़ रहा है।



ड्रैगन के हाथ लगा समंदर का बड़ा खजाना

चीन में 700 मीटर गहराई में मिला सोना और चांदी, जमीन की खदानें भी फेल!

बीजिंग। समुद्र तल के अंदर छिपे इस रहस्यमयी खजाने ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है, हालांकि इस भंडार तक पहुंचना इंसानों के लिए अभी किसी चुनौती से कम नहीं है।

चीन के वैज्ञानिकों ने पश्चिमी प्रशांत महासागर में समुद्र की गहराई में एक बड़ा खनिज भंडार खोजा है। इस इलाके में सोना, चांदी, तांबा और जिंक जैसे कई महत्वपूर्ण खनिज बड़ी मात्रा में मौजूद होने के शुरुआती संकेत मिले हैं। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, यहां मिले कुछ अयस्क के नमूनों में जमीन पर मिलने वाले खनिज भंडार की तुलना में सोने और चांदी की मात्रा बहुत ज्यादा पाई गई है।

यह खोज चीन की त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय, किंगदाओ इंस्टीट्यूट ऑफ मरीन जियोलॉजी, शंघाई जियाओतोंग विश्वविद्यालय और दूसरे संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीम ने की है। वैज्ञानिकों ने चीन के रिसर्च जहाज शियांग यांग होंग 10 से इस इलाके में एक खास अभियान चलाया। टीम ने 10 अगस्त को शेनझेन से अपनी यात्रा शुरू की और करीब 18 दिनों तक समुद्र में रिसर्च की. इस दौरान सबमर्सिबल की मदद से 7 बार समुद्र की गहराई में जाकर जांच की गई।



एक टन अयस्क में 15.4 ग्राम तक सोना

जहाज पर मौजूद लैब में किए गए शुरुआती रिसर्च में सामने आया है कि यहां मिले अयस्क में चाल्कोपाइराइट, पाइराइट और स्फैलेराइट जैसे खनिज मौजूद हैं। इनमें तांबा, आयरन और जिंक जैसे धातु पाए जाते हैं। सबसे खास बात इसमें मौजूद सोने और चांदी की मात्रा है। कुछ नमूनों में 15.4 पार्ट्स प्रति मिलियन सोना मिला है। सरल शब्दों में कहें तो यह लगभग एक टन अयस्क में 15.4 ग्राम सोना होने के बराबर है। वहीं, कुछ नमूनों में चांदी की मात्रा 1,271 पीपीएम तक पहुंच गई. यानी लगभग एक टन अयस्क में 1.27 किलो चांदी। वैज्ञानिकों के अनुसार, यहां सोने और चांदी की औसत मात्रा भी जमीन पर मिलने वाले कई खनिज भंडारों की तुलना में काफी ज्यादा है।

700 से 1,500 मीटर की गहराई में मिले हाइड्रोथर्मल वेंट

यह खनिज भंडार पश्चिमी प्रशांत महासागर के एक बैक-आर्क बेसिन में चीन के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन के अंदर मिला है। वैज्ञानिक इस क्षेत्र में पहले भी 10 से ज्यादा बार सर्वे कर चुके थे। इन सर्वे के दौरान लगभग 700 से 1,500 मीटर की गहराई पर कई ऐसे स्थान मिले थे, जहां समुद्र के नीचे से बहुत ही गर्म तरल पदार्थ निकलते हैं। इन जगहों को हाइड्रोथर्मल वेंट कहते हैं। यहां से निकलने वाले तरल पदार्थ का तापमान 315 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तक पहुंच गया। नए अभियान के दौरान वैज्ञानिकों ने ज्यादा सटीक तरीके से जांच की और समुद्र की सतह के नीचे एक बड़ा हाइड्रोथर्मल क्षेत्र खोज निकाला.

कैसे बनता है समुद्र के नीचे खनिजों का भंडार?

अब लोगों के मन में यह सवाल आ रहा है कि आखिर समुद्र के नीचे खनिजों का भंडार कैसे बना? इसका जवाब वैज्ञानिकों के अनुसार, समुद्र का पानी समुद्र तल की दरारों के जरिए जमीन के अंदर जाता है। नीचे मौजूद मैग्मा की गर्मी से यह पानी बहुत गर्म हो जाता है और चट्टानों के साथ कई रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजरता है। इस दौरान पानी चट्टानों के अंदर मौजूद अलग-अलग धातुओं को अपने साथ घोल लेता है। जब यह बहुत ही ज्यादा गर्म तरल पदार्थ वापस समुद्र की ठंडी सतह के पास पहुंचता है तो उसमें मौजूद धातुएं सल्फर के साथ प्रतिक्रिया करके ठोस पदार्थ बनाने लगती हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी गुफा



हनोई। मध्य वियतनाम में चूना पत्थर के पहाड़ के अंदर एक नदी बड़ी गुफा से होकर बहती है। यह ऐसी जगह है, जहां जंगल के हिस्सों के ऊपर धुंध छाई रहती है। इसे दुनिया ' हैंग सोन डूंग ' के नाम से जानती है, जो दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल गुफा मार्ग (सिंगल केव पैसेज) है। इसका विशाल अंदरूनी हिस्सा तंग और अंधेरी सुरंग वाली आम धारणा को चुनौती देता है। यह बहुत बड़ी है और इसकी कई ऐसी खासियतें हैं, जो दुनियाभर के लोगों को आकर्षित करती है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने सोन डूंग को दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल गुफा मार्ग माना है। इसके साइज की बात की जाए तो यह तकरीबन 655 फीट ऊंचा और 490 फीट चौड़ा (200 गुणा 150 मीटर) है। इसकी लंबाई कम से कम चार मील (6.5 किलोमीटर) है।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कांस्लेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का मुख्य सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH
UMH आयुष्मान भव:
24x7 आपातकालीन सुविधा
EMERGENCY READY
आपकी आपातकालीन स्थिति में सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा प्रदान करने हेतु हम तैयार हैं
डॉ. जिनेश जैन
DM कार्डियोलॉजी
हृदय रोग विशेषज्ञ
हार्ट अटैक के लक्षण
हार्ट अटैक
ब्रेन स्ट्रोक
डॉ. छत्रपाल साहू
DM न्यूरोलॉजी
मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण
• छाती में जकड़न एवं कंधे में दर्द होना
• दर्द के साथ पसीना आना
• सांस फूलना
• बेचैनी महसूस होना
• भारीपन एवं छाती में जलन
• चेहरे का टेढ़ापन
• हाथ-पैर में कमजोरी या सुन्न होना
• बोलने में दिक्कत
• चलने में लड़खड़ाहट
• नजर का कम या दो दिखाई देना
लीवर की नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन जांच
24 सितंबर 2026
पेट रोगों हेतु नि:शुल्क इंडोस्कोपी जांच
30 सितंबर 2026
ALL TPA, INSURANCE, SECL, SAIL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC, CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
नहर रोड, माठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
14 वर्षों से वही गुणवत्ता
महंगाई बढ़ती रही,
डा. ऑर्थो की कीमत थमी रही
2012
पुराना मूल्य
₹295/- (120ml)
2026
नया मूल्य
₹299/- (120ml)
पिछले 14 सालों में सिर्फ ₹4 की मूल्य वृद्धि
जुलाई 2026 (Batch No.1154) से नया मूल्य ₹299/-
Dr. Ortho Oil (120ml)
Helpful in Painful Conditions
Dr. Ortho Oil
An Ayurvedic Proprietary Medicine
20% EXTRA
100ml+20ml Extra
Ayurvedic & Natural
Clinically Tested*
Completely Safe
घुटने दर्द, कंधे दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, कोहनी दर्द एवं कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि
24x7 Helpline: 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर
200 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल
11 दिवसीय नि:शुल्क
कैंसर जांच शिविर
15 से 25 सितंबर 2026
समय :- सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक
नि:शुल्क OPD
जांच पर 50% तक की छूट
पेट स्कैन मात्र 10,000/- रु में
कीमोथेरेपी
रेडिएशन थेरेपी
कैंसर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, फोन : 7879424697, 9685724697, 0771-4241000

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com